UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक ख़बर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-180 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) शुक्रवार 12 जून 2026 youngbharatE-paper.com

## योगी सरकार ने दी बड़ी खुशखबरी! आने वाली है 60000 शिक्षक भर्ती, सिस्टम भी बदला





( प्रधान सम्पादक )
( यंग भारत न्यूज )

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में शिक्षक की सरकारी नौकरी पाने का सपना देख रहे हैं, तो आपके लिए योगी सरकार ने बड़ी खुशखबरी दी है। यूपी बेसिक शिक्षा विभाग में 60 हजार पदों पर भर्ती की तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रदेश के युवाओं को इस भर्ती का इंतजार काफी लंबे समय था। जिसको लेकर अब सरकार नए कदम उठा रही है। हाल ही में बेसिक शिक्षा विभाग ने खाली पदों का ब्यौरा उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को भेजा है।

पिछली रिक्तियों को मिलाकर प्रदेश के विद्यालयों में 60 हजार शिक्षकों के पद खाली हैं। इसमें से नगरीय स्कूलों में 11,508 शिक्षाकों के पद भी शामिल हैं। इन पदों को मिलाकर संपूर्ण जानकारी बेसिक शिक्षा द्वारा उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को ऑफलाइन दी गई है। इसके बाद जल्द ही आगे की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश ग्रामीण कैडर के विद्यालयों में 2018 में शिक्षक भर्ती निकाली गई थी। लेकिन कई सालों से नगरीय क्षेत्र में शिक्षकों की भर्ती नहीं हुई है। जिसकी वजह से यहां टीचर्स के पद रिक्त पड़े हैं। अब सरकार ने इन्हें भरने काम काम शुरू कर दिया है। बेसिक शिक्षा परिषद ने नगरीय पदों को ब्यौरा लिखित में आयोग को पहुंचा दिया है। लेकिन इसके आगे की प्रक्रिया तब शुरू होगी, जब ऑनलाइन पोर्टल पर इससे संबंधित अधियाचन प्राप्त होंगे। इसके बाद इस पूरी भर्ती का विवरण ऑनलाइन ही आयोग को भेजा जाएगा। सभी जानकारी अपलोड होने के बाद आगे का काम चालू हो जाएगा। इस भर्ती का सिस्टम भी बदला गया है क्योंकि पहली बार यूपी की इस शिक्षक भर्ती का आयोजन उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोगद्वारा किया जाएगा। इससे पहले यह भर्ती उत्तर प्रदेश परीक्षा नियामक प्राधिकारी द्वारा संचालित की जाती थी। लेकिन इस बार यूपीईएसएससी को पूरी भर्ती प्रक्रिया को कराने का जिम्मा दिया गया है। ऐसे में ग्रामीण और नगरीय दोनों कैडर को मिलाकर नई रिक्तियां जारी जाएंगी। इस नई भर्ती का विज्ञापन यूपीईएसएससी अपनी आधिकारिक वेबसाइट upessc.up.gov.in पर निकाला जाएगा। नोटिफिकेशन में ही वैकेंसी से जुड़ी पूरी जानकारी उपलब्ध होगी। इसके मुताबिक ही कैंडिडेट्स से आवेदन आमंत्रित किए गए जाएंगे।

इस शिक्षक भर्ती का विज्ञापन कब तक आएगा? फिल्हाल इससे जुड़ी कोई जानकारी नहीं आई है लेकिन रिक्तियों की ब्यौरा आयोग तक पहुंचने के बाद इन पदों को भरने पर सरकार तेजी से काम कर रही है। ऐसे जो भी कैंडिडेट्स शिक्षक भर्ती की तैयारी कर रहे हैं, वो इसके लिए बड़े मौके आने वाले हैं।

## यूपी के 33 पीसीएस अफसर जल्द बनेंगे आईएएस, डीपीसी संपन्न

### साल 2010 और 2012 बैच के अधिकारियों के नामों पर हुआ मंथन



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** पीसीएस से आइएएस संवर्ग में पदोन्नति के लिए बुधवार को डीपीसी दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग में संपन्न हो गई। इस बार 33 पदों के पदोन्नति होनी है। इसमें वर्ष 2010, 2011 व 2012 बैच के पीसीएस अधिकारियों के नामों पर विचार किया गया।

डीपीसी के लिए मुख्य सचिव एसपी गोयल व प्रमुख सचिव नियुक्ति एम. देवराज दिल्ली गए थे। केंद्र सरकार ने चयन वर्ष 2025 के लिए उत्तर प्रदेश को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) में पदोन्नति कोटे के 33 पद आवंटित किए हैं। इससे वर्ष 2010 व 2011 बैच तक के पीसीएस अधिकारी जल्द ही आइएएस बन जाएंगे। साल 2010 बैच में पीसीएस सेवा के आठ अधिकारी हैं व 2011 बैच में 21 हैं। दोनों बैच की संख्या मिलाकर 29 हो गई है। ऐसे में चार पदों के लिए वर्ष 2012 बैच के भी कुछ अफसरों की पदोन्नति तय है। जल्द ही आइएएस संवर्ग में पदोन्नति के आदेश जारी हो जाएंगे।

## सुर्खियां.............

### नामामि गंगे का रोना : पाइपलाइन डालने के बाद भी गांव के कुछ हिस्सों में नहीं पहुंच रहा पानी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** विकास खंड के ग्राम औरेखी में नमांमि गंगे परियोजना के तहत पानी की टंकी के निर्माण के साथ पाइपलाइन डाली जा चुकी है ।पाइपलाइन डलनी के बाद भी गांव के कुछ हिस्सों में पानी नहीं पहुंच रहा है। पानी न पहुंचने के कारण आसपास के वाशिंदें पानी के लिए परेशान रहे हैं।

### घरेलू गैस के नए कनेक्शन नहीं मिलने से आम लोगों को हो रही परेशानियां

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** घरेलू गैस के नए कनेक्शन नहीं मिलने से आम लोगों को हो रही परेशानियों को लेकर नगर के लोगों ने संबंधित विभाग को शिकायती पत्र भेजकर नए कनेक्शन की व्यवस्था शुरू कराने की मांग की है।

### कालपी पुलिस ने दो लोगों को अलग-अलग जगह से क्वार्टर के साथ किया गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 11 जून** गुरुवार के दिन प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी प्रभारी एवं चौकी के उप निरीक्षक द्वारा दो लोगों को क्वार्टर के साथ गिरफ्तार किया साथ में 41 क्वार्टर बरामद किए। पुलिस के मुताबिक पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक तिवारी के कुशल निर्देशन में रामगंज चौकी प्रभारी विशाल भड़ाना पुलिस बल साथ नगर में भ्रमण कर रहे थे।

## आईएसआईएस की हैवानियतः महिलाओं से यौन दरिंदगी के लिए बनाई 'गाइडबुक' आई सामने, पढ़कर कांप उठी दुनिया

( यंग भारत न्यूज )

आतंकी संगठन Islamic State (आईएसआईएस) की क्रूरता और महिलाओं के प्रति उसकी अमानवीय सोच से जुड़े चौंकाने वाले दस्तावेज ऑस्ट्रेलिया की एक अदालत में सामने आए हैं। सुनवाई के दौरान खुलासा हुआ कि संगठन ने महिलाओं और लड़कियों को गुलाम बनाने, उन्हें खरीदने-बेचने और उनके साथ अमानवीय व्यवहार को वैचारिक आधार देने के लिए बाकायदा लिखित पुस्तिकाएं तैयार की थीं।




इन दस्तावेजों का जिक्र उस मामले की सुनवाई के दौरान हुआ, जिसमें कथित तौर पर आईएसआईएस से जुड़ी एक महिला के खिलाफ कानूनी कार्रवाई चल रही है। महिलाओं दरिंदगी के लिए बनाई गाइडबुक अदालत में पेश जानकारी के अनुसार, आईएसआईएस के तथाकथित रिसर्च और फतवा विभाग ने एक पुस्तिका तैयार की थी, जिसमें महिला बंदियों और गुलामों से जुड़े सवाल-जवाब शामिल थे। जांचकर्ताओं के मुताबिक, इस दस्तावेज में महिलाओं को इंसान के बजाय एक वस्तु की तरह पेश किया गया था। इसमें उन्हें खरीदने-बेचने, उपहार में देने या अदला-बदली करने जैसी प्रथाओं को उचित ठहराने की कोशिश की गई थी। साथ ही बंदी महिलाओं के साथ व्यवहार और नियंत्रण को लेकर भी तथाकथित नियम बताए गए थे। प्रचार सामग्री में भी किया बचाव अदालत में बताया गया कि आईएसआईएस ने अपनी प्रचार पत्रिकाओं और अन्य प्रकाशनों में भी इन प्रथाओं को वैचारिक समर्थन देने का प्रयास किया था। रिपोर्टों के अनुसार, संगठन ने विशेष रूप से यजीदी समुदाय की महिलाओं को बंदी बनाने और उन्हें गुलामी में रखने को सही साबित करने वाले लेख प्रकाशित किए थे। बाद में गुलामी और बंदीकरण से जुड़े अलग-अलग दस्तावेज भी जारी किए गए। अदालत में बताया गया कि अगस्त 2014 में Sinjar क्षेत्र पर आईएसआईएस के हमले के बाद यजीदी समुदाय को बड़े पैमाने पर निशाना बनाया गया था। यजीदी युवती का बयान अनुमानों के अनुसार हजारों यजीदी नागरिक मारे गए। लगभग 6,800 यजीदी महिलाएं और बच्चे बंदी बना लिए गए। कई लोग आज भी लापता हैं। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों और संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टों में भी इन घटनाओं को गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन बताया गया है। सुनवाई के दौरान एक यजीदी युवती का मामला भी सामने आया। आरोप है कि जब वह 15 वर्ष की थी, तब आईएसआईएस लड़ाकों ने उसके परिवार पर हमला किया। उसने अदालत में बताया कि उसकी मां और भाई की हत्या कर दी गई। उसे बंदी बनाने के बाद कई वर्षों तक उसे अलग-अलग लोगों के बीच बेचा गया। उसे लगातार शारीरिक और मानसिक यातनाएं झेलनी पड़ीं। उसकी स्वतंत्रता पूरी तरह छीन ली गई थी। जांचकर्ताओं के अनुसार, पीड़िता को बाहरी दुनिया से लगभग पूरी तरह काटकर रखा गया था। विशेषज्ञों का कहना है कि आईएसआईएस के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में महिलाओं, विशेषकर यजीदी महिलाओं की स्थिति सबसे अधिक दयनीय थी। उन्हें उनकी इच्छा के विरुद्ध बंदी बनाकर रखा जाता था और उनके बुनियादी मानवाधिकारों से वंचित किया जाता था। इसी कारण संयुक्त राष्ट्र और कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने आईएसआईएस पर मानवता के खिलाफ अपराध, नरसंहार, गुलामी और यौन हिंसा जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। अदालत में सामने आए दस्तावेज और गवाहियां इस बात की याद दिलाती हैं कि आईएसआईएस की हिंसा केवल युद्ध या हत्याओं तक सीमित नहीं थी। संगठन पर आरोप है कि उसने महिलाओं को गुलाम बनाने और उनके साथ अमानवीय व्यवहार को वैचारिक रूप से सही साबित करने की कोशिश की।

### सीएम योगी की पारदर्शिता के साथ साफ सुथरी पुलिसिंग की नीति की धज्जियां उड़ा रही है कालपी पुलिस

# कालपी के कोतवाल का खौ़फ़ सिर्फ शरीफो पर, अपराधी बेखौ़फ़



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी ( जालौन )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के लगातार निर्देश दिए जाते रहे हैं। वहीं जनपद जालौन के पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह भी अपराध नियंत्रण, पारदर्शिता और जनसुनवाई को लेकर अपनी स्पष्ट कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। इसके बावजूद कालपी कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं आम होती जा रही हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कालपी क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों की आवाजाही लगातार जारी है। जोल्हुपुर से लेकर दुर्गा मंदिर चौराहे तक अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम राहगीरों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि यदि यातायात व्यवस्था पर प्रभावी नियंत्रण किया जाए तो इस समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है। क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि बिना नंबर प्लेट वाले वाहन, डंपर तथा कपड़ा लपेटकर ओवरलोड वाहन खुलेआम सड़कों पर संचालित हो रहे हैं। कुछ लोगों द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि ऐसे वाहनों के विरुद्ध अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जाती, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में हिस्ट्रीशीटरों तथा अपराध प्रवृत्ति के व्यक्तियों की गतिविधियों को लेकर भी लोगों में असंतोष देखा जा रहा है। नागरिकों का कहना है कि अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई और सतत निगरानी आवश्यक है, ताकि कानून का भय बना रहे और आमजन सुरक्षित महसूस कर सकें। स्थानीय नागरिकों का यह भी कहना है कि छोटे-छोटे मामलों में आम जनता को अनावश्यक परेशान किए जाने की शिकायतें समय-समय पर सामने आती रही हैं। लोगों का मानना है कि पुलिस को जनता के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाना चाहिए और सभी मामलों में निष्पक्षता सुनिश्चित करनी चाहिए। जनपद के पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह की छवि एक निष्पक्ष और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में देखी जाती है। ऐसे में कालपी कोतवाली




पुलिस की कार्यशैली को लेकर उठ रही चर्चाएं और शिकायतें पुलिस विभाग की छवि को प्रभावित कर सकती हैं। स्थानीय लोगों ने उच्चाधिकारियों से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि शिकायतों की गंभीरता से जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए तो जनता का पुलिस प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत होगा तथा मुख्यमंत्री की अपराधमुक्त प्रदेश की परिकल्पना को भी बल मिलेगा।

- ›› **ओवरलोडिंग, जाम के बीच रात दिन खाकी चढ़वाती है ट्रक वालों से 'ब्रह्म' के नाम पर भारी चढ़ावा**
- ›› **हिस्ट्रीशीटर, गैंगस्टर, चोर और मवालियों पर पुलिस की नरमी, आम जनता पर सख्ती के आरोप**
- ›› **एडीजी के उरई आगमन पर भी उठा था कालपी में मान्यता प्राप्त पत्रकार के हिस्ट्री शीटर द्वारा कट्टा अड़ा कर दबाने का मामला**

# आरआई माइक्रोप्लान प्रशिक्षण के तहत एएनएम को बताए गए टीकाकरण के नए तरीके

## टीकाकरण को बेहतर बनाने के लिए एएनएम को दिए गए निर्देश





( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में गुरुवार दोपहर पिंडारी पीएचसी की ओर से नियमित टीकाकरण माइक्रोप्लान को लेकर प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में टीकाकरण अभियान को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाना था।बैठक में जिले से आई डब्ल्यूएचओ की एसएमओ दीप्ति जोजफ, डब्ल्यूएचओ मॉनिटर प्रदीप तिवारी, पिंडारी पीएचसी प्रभारी डॉ. कमलेश राजपूत, डॉ. सुलभ बरनाला, डॉ.अजय चौहान, डॉ.कंचन तथा बीपीएम रवि ने कोंच तहसील क्षेत्र से पहुंचीं एएनएम, एलएचवी एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण प्रदान किया।प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए माइक्रोप्लान की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रशिक्षण के दौरान टीकाकरण सत्रों की योजना तैयार करने, लाभार्थियों की पहचान करने, टीकाकरण रजिस्टर के सही रखरखाव, वैक्सीन प्रबंधन तथा छूटे हुए बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही स्वास्थ्यकर्मियों को क्षेत्रवार कार्ययोजना बनाकर शत-प्रतिशत टीकाकरण कवरेज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों को यह भी बताया गया कि प्रत्येक गांव और वार्ड स्तर पर टीकाकरण की सटीक जानकारी संकलित कर माइक्रोप्लान तैयार किया जाए, ताकि कोई भी बच्चा या गर्भवती महिला टीकाकरण से वंचित न रहे।प्रशिक्षण कार्यक्रम में एएनएम प्रिया पटेल, रमापाल, लाली देवी, पूनम, खुर्शीदा सहित विभिन्न उपकेंद्रों से आईं बड़ी संख्या में एएनएम, एलएचवी, सुपरवाइजर एवं आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने उपस्थित कर्मचारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है : भागवताचार्य

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई** । किसी भी व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। कंस ने अहंकार किया तो उसका सर्वनाश हो गया। यह बात ग्राम भदवा में आयोजित साप्ताहिक भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास अशोक शास्त्री ने कही।

भदवा गांव में आयोजित भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास अशोक शास्त्री ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। कंस की कारागार में वासुदेव-देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। कृष्ण जन्म की खुशी में कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर माखन मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया और भक्तों ने नाच कूदकर नंदोत्सव मनाया। श्रीकृष्ण जन्म उत्सव पर नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजन प्रस्तुत किया गया तो श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमने लगे। इस मौके पर परीक्षित रमा देवी, सत्यप्रकाश निरंजन, विजय शंकर, चंद्रमोहन, श्याम मोहन, अनिल निरंजन, राकेश, विश्वजीत, सुमन निरंजन, पुष्पा, ज्योत्स्ना, रिंकी आदि मौजूद रहे।

# कालपी पुलिस ने दो लोगों को अलग-अलग जगह से क्वार्टर के साथ किया गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

कालपी जालौन 11 जून गुरुवार के दिन प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी प्रभारी एवं चौकी के उप निरीक्षक द्वारा दो लोगों को क्वार्टर के साथ गिरफ्तार किया साथ में 41 क्वार्टर बरामद किए।

पुलिस के मुताबिक पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक तिवारी के कुशल निर्देशन में रामगंज चौकी प्रभारी विशाल भड़ाना पुलिस बल साथ नगर में भ्रमण कर रहे थे वहीं मुखबिर की सूचना मिलते ही रेलवे स्टेशन के समीप पहुंचकर ग्राम रायण दिबारा निवासी शंकर पुत्र दयाशंकर 20 क्वार्टर देशी शराब के झोला में भरकर अपने गांव बिक्री हेतु लिए जा रहा था तभी पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर कोतवाली के हवालात में बंद किया तथा क्वार्टर बरामद किए इसी क्रम में ज्ञान भारती छौक चौकी उप निरीक्षक सूरजपाल सिंह पुलिस बल साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे वहीं मुखबिर की सूचना मिलते ही ग्राम सरसेला तिराहे में पहुंचकर उक्त गांव के निवासी मुकुंद पुत्र बृजलाल झोला मे देशी शराब के क्वार्टर भरकर अपने गांव बिक्री करने हेतु लिए जा रहा था तभी पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर कोतवाली के हवालात में बंद किया साथ में क्वार्टर बरामद किया उक्त घटनाओं में अभियुक्तों के खिलाफ आबकारी अधिनियम जुर्म धारा 60 के तहत मुकदमा कायम कर विवेचना उप निरीक्षक पुत्तू लाल को जांच सौंपी ताबड़तोड़ क्वार्टर की बरामदी से शराब तस्करों के बीच हड़कंम मच गया।

# राष्ट्रीय कृषि बीज भंडार द्वारा किसान जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

( यंग भारत न्यूज )




**कोंच** विकास खंड कोंच के ग्राम परैथा में गुरुवार को राजकीय कृषि बीज भंडार द्वारा किसान जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य किसानों को खेतों की उर्वरक क्षमता बढ़ाने, मिट्टी के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने तथा फसलों की बेहतर पैदावार के लिए आधुनिक और प्राकृतिक कृषि तकनीकों की जानकारी देना रहा।शिविर के दौरान 'खेत बचाओ अभियान' के तहत बीज भंडार प्रभारी राम प्रकाश सैनी ने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि भूमि की उत्पादकता को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए उर्वरकों का संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग बेहद आवश्यक है। उन्होंने किसानों से आवश्यकता के अनुसार ही यूरिया और डीएपी का प्रयोग करने की अपील की तथा नैनो उर्वरकों और हरी खाद को खेती में शामिल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है, साथ ही उत्पादन लागत में भी कमी आती है। इसके अलावा सैनी ने मौजूद किसानों को जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत और दशपर्णी जैसे प्राकृतिक उत्पादों के उपयोग, उनकी निर्माण प्रक्रिया और लाभों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि प्राकृतिक खेती की तकनीकों को अपनाकर रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम की जा सकती है जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

# संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु मन्दिर में 'प्रमुख जन गोष्ठी' का हुआ आयोजन

( यंग भारत न्यूज )






**जालौन-उरई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जालौन नगर द्वारा संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु मन्दिर में 'प्रमुख जन गोष्ठी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामेन्द्र गुप्ता ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप शिवराम महाजन व विशिष्ट अतिथि के रूप अशोक कौशल उपस्थित रहकर संघ की नीतियों व लोगों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने पर चर्चा की गयी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर कार्यवाह रामेन्द्र गुप्ता ने कहा कि शताब्दी वर्ष में इस प्रकार की गोष्ठियों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसके माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को संघ की नीतियों व कार्यक्रमों की जानकारी देकर उन्हें जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।कार्यक्रम का शुभारंभ आनन्द कुशवाहा ने गण गीत गाकर किया।इसके बाद पं. रूप नारायण शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ भारत माता का पूजन, पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन किया गया। मुख्य वक्ता संघ के जिला कार्यवाह गोरख त्रिवेदी, मुख्य अतिथि शिवराम महाजन, सह जिला संघचालक/लोकतंत्र रक्षक सेनानी तथा विशिष्ट अतिथि अशोक कौशल नगर संघचालक मुख्य वक्ता गौतम त्रिपाठी जिला कार्यवाह ने गोष्ठी में संघ के 100 वर्षों की यात्रा, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति पर अपने विचार व्यक्त किए तथा संघ की विचारधारा व संघ के द्वारा किये जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की तथा साथियों से संघ की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने की अपील की जिससे इस परिवार को और बढ़ा किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र पाटकार 'मृदुल', ने किया। कार्यक्रम का समापन वन्दे मातरम् श्याम किशोर जी दोहौलिया द्वारा गीत गाकर किया गया। इस मौके पर इं. स्वयं प्रकाश शुक्ला डॉ. अवध किशोर त्रिवेदी, डॉ. रामकृपाल पांचाल, सुशील कुमार वाजपेयी, डॉ. रंजना द्विवेदी, कंचन द्विवेदी, श्रीगोविन्द स्वर्णकार, रमाकांत पोरवाल, वास्पति मिश्र, विनय निगम, आशीष सोनी, धर्मेंद्र चौहान आदि रहे।

# नामामि गंगे का रोना : पाइपलाइन डालने के बाद भी गांव के कुछ हिस्सों में नहीं पहुंच रहा पानी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** विकास खंड के ग्राम औरेखी में नमांमि गंगे परियोजना के तहत पानी की टंकी के निर्माण के साथ पाइपलाइन डाली जा चुकी है ।पाइपलाइन डलनी के बाद भी गांव के कुछ हिस्सों में पानी नहीं पहुंच रहा है। पानी न पहुंचने के कारण आसपास के वाशिंदें पानी के लिए परेशान रहे हैं। ग्राम पंचायत औरेखी में दो वर्ष पूर्व नमांमि गंगे परियोजना के तहत डाली गयी पाइपलाइन से जलापूर्ति शुरू हो गयी है। गांव में डाली गयी पाइपलाइन को ठीक से ढंग से नयी डाला गयी है।पानी मांग के अनुसार पाइपलाइन नहीं डाली गयी जिससे गांव में पानी का प्रेसर नहीं आ रहा है। गढ़ी के किनारे व साला मंदिर के आसपास पानी पहुंच नहीं रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रत्यावेदन देकर बताया कि उन्होंने कई बार इसकी शिकायत ठेकेदार व इंजीनियर से की किन्तु समस्या का समाधान नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से पानी की समस्या का समाधान कराने की मांग की है। ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी नमांमि गंगे को मामले के समाधान कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी को दिये प्रत्यावेदन में महेश सिंह, हरिश्चंद्र, रामबाबू, महेन्द्र, अर्जुन, नारायणदास, छोटे लाल, महेंद्र प्रताप, रामगोपाल, परशुराम आदि ने हस्ताक्षर किये हैं।

# घरेलू गैस के नए कनेक्शन नहीं मिलने से आम लोगों को हो रही परेशानियां

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** घरेलू गैस के नए कनेक्शन नहीं मिलने से आम लोगों को हो रही परेशानियों को लेकर नगर के लोगों ने संबंधित विभाग को शिकायती पत्र भेजकर नए कनेक्शन की व्यवस्था शुरू कराने की मांग की है। नगर निवासी अशफाक राईन, विनय, आशीष, रिंकू गुप्ता, केपी पाल आदि ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि वर्तमान में गैस एजेंसियों द्वारा नए घरेलू गैस कनेक्शन जारी नहीं किए जा रहे हैं। इसके चलते आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से ऐसे परिवार, जिनमें हाल ही में विवाह हुए हैं अथवा नए परिवार हैं, उन्हें रसोई गैस कनेक्शन न मिलने से काफी दिक्कतें हो रही हैं। अनेक पात्र उपभोक्ता लगातार गैस एजेंसियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें नया कनेक्शन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि घरेलू गैस आज प्रत्येक परिवार की मूलभूत आवश्यकता बन चुकी है। नए कनेक्शन नहीं मिलने के कारण लोगों को लकड़ी, कोयला और अन्य पारंपरिक ईंधनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे समय और धन की बर्बादी होने के साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए नए घरेलू गैस कनेक्शन शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# कोटरा में गिरी बिजली, जानवर चरा रहे किसान की मौत

( यंग भारत न्यूज )



**उरई/कोटरा।** कोटरा क्षेत्र के मौजा हिलगना में किसान गोविंद यादव उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी छोटी माता अपने साथी शानू पठान उम्र 35 वर्ष निवासी मंडी बाजार के साथ भैंस एवं बकरियां चरा रहे थे तभी शाम लगभग 5:00 बजे जोरदार बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से गोविंद यादव एवं शानू पठान बुरी तरह झुलस गए सूचना मिलते ही परिवार के लोग दौड़कर खेत में पहुंचे परिवार जन गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल उरई ले गए। गम्भीर रूप से झुलसे गोविंद यादव ने रास्ते में दम तोड़ दिया आकाशीय बिजली गिरने से सानू की एक भैंस एवं पांच बकरियों की मौत हो गई है।

# किशोर बालक की विद्युत करंट की चपेट में आकर इलाज के लिए जाते हुए मौत

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 11 जून** गुरुवार को दोपहर लगभग 3 बजे 12 वर्षीय किशोर युवक कूलर में आ रहे विद्युत करंट की चपेट में अचानक आकर इलाज के लिए जाते समय रास्ते में दर्दनाक मृत्यु हो गई मृत्यु की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली परिजनों के बीच कोहराम मच गया।

खबर के मुताबिक सीकरी रहमानपुर तथा टरननगंज कालपी निवासी त्रिभुवन सिंह का इकलौता किशोर पुत्र नंदू घर पर मौजूद था वही कूलर में आ रहे विद्युत करंट से करंट लग जाने पर बुरी तरह हालत बिगड़ गई घर पर मौजूद परिजन लोग आनंन-फानन किशोर युवक को बिगड़ी हुई हालत में उठाकर जिला कानपुर देहात अकबरपुर गौरी अस्पताल लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में किशोर युवक ने दम तोड़ दी फिर भी अस्पताल में पहुंचे अस्पताल में मौजूद चिकित्सा अधिकारी ने जांच की जांच उपरांत नब्ज पकड़ते ही मृत घोषित किया वहीं पर मौजूद परिजन लोग रो-रो कर बेहाल हुए।

# सड़क दुर्घटना में युवक घायल गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल रिफर

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 11 जून।** बीती रात 34 वर्षीय गजेंद्र सिंह पुत्र ठाकुरदास निवासी निनावली बुधवार रात्रि को हाईवे में सफर कर रहे थे तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से बुरी तरह से घायल हुए घटना की सूचना पाकर पहुंची एंबुलेंस के कर्मियों ने हाईवे सड़क पर पड़े घायल युवक को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में इलाज हेतु भर्ती कराया अस्पताल में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आदर्श गौतम ने जांच की जांच दौरान गंभीर स्थिति पाए जाने पर प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल उरई रिफर किया।

# उरई से दिल्ली तक शीघ्र सीधी ट्रेन न चली तो । तमाम सांसद संसद परिषद में देंगे धरना- सांसद, नारायण दास अहिरवार

## सांसद निधि में सांसद को मिलते है 4 करोड़ , विधायक निधि में मिलते है 10 करोड़ सांसद कैसे कराए क्षेत्र का विकास

( यंग भारत न्यूज )


**उरई** समाजवादी पार्टी के जालौन गरौठा भोगनीपुर सुरक्षित संसदीय क्षेत्र के सांसद नारायण दास अहिरवार ने कहा कि बहुत ही तकलीफ़ की बात है कि सांसद निधि में केंद्र सरकार प्रतिवर्ष जो 5 करोड़ रुपए देती है उसमें से 1 करोड़ रुपये तस्क्र का कट जाता है। अब 4 करोड़ रुपए में से उनके संसदीय क्षेत्र में 5 विधानसभाएं आती है जिनमें उरई, जालौन, माधवगढ़, कालपी इए तीन विधान सभाएं जालौन जिले में आती है जबकि भोगनीपुर विधानसभा कानपुर देहात जिले में आती है इसी तरह झांसी जिले की गरौठा विधानसभा भी इसी संसदीय क्षेत्र में आती है। इस हिसाब से विकास कार्यों के लिए सांसद निधि से प्रत्येक वर्ष में एक विधानसभा के लिए सिर्फ 80 लाख रुपए मिलते है इतनी कम धनराशि में इस संसदीय क्षेत्र के 1200 से अधिक गांवों में कैसे विकास कार्य पूरे हो सकते है जिसके कारण उन्हें हर बार मतदाताओं से आलोचना सुननी पड़ती है वहीं दूसरी तरफ बुंदेलखंड के विधायकों को 5 करोड़ रुपए विधायक निधि तथा बुंदेलखंड पिछड़े क्षेत्र के नाते बुंदेलखंड क्षेत्र के विधायकों को उत्तर प्रदेश सरकार 5 करोड़ रुपए बुंदेलखंड विकास निधि भी देती है इस तरह से एक विधानसभा के 350 गांवों के विकास के लिए 10 करोड़ रुपए प्रदेश सरकार देती है जबकि 1200 से अधिक गांवों के लिए सांसद को सिर्फ 4 करोड़ रुपए विकास निधि के नाम पे मिलते है यह भेदभाव बंद होना चाहिए वह आज अपने जनपद मुख्यालय उरई में अपने संसदीय कार्यालय में पत्रकारों से विशेष भेंट वार्ता कर रहे थे। एक सवाल के जवाब में सांसद श्री अहिरवार ने बताया कि वो पिछले 2 वर्षों से सांसद के तौर पर वह उरई से दिल्ली तक सीधी ट्रेन के लिए कई बार रेलमंत्री और रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारियों से मिल चुके है और चूंकि वह रेलवे कमेटी में भी सदस्य है तो रेलवे कमेटी की बैठकों में भी जनता की इस मांग को जोरदार ढंग से रख चुके है उन्होंने कहा उरई से दिल्ली तक सीधी ट्रेन होने पर जालौन जिले के अलावा हमीरपुर कानपुर देहात और झाँसी जिले के गरौठा विधानसभा क्षेत्र के लोगों को इस ट्रेन से दिल्ली पहुंचने में आसानी होगी तथा रेलवे को अच्छा राजस्व भी मिलेगा उन्होंने कहा यदि उरई से दिल्ली सीधी ट्रेन शीघ्र चालू न की गई तो वे बुंदेलखंड कानपुर देहात के सांसदों के साथ संसद परिसर में आगामी संसदीय सत्र शुरू होने पर धरना और प्रदर्शन करेंगे । एक सवाल के जवाब में सांसद श्री अहिरवार ने बड़े दुख भरे लहजे में कहा कि जालौन जिले की राजनीति में सदैव भाईचारा रहा है इतनी कटुता कभी नहीं रही जिस तरह से उरई के सरकारी कार्यालय में भाजपा की महिलाओं और पुरुष कार्यकर्ताओं और नेताओं ने उनके कार्यालय के गेट पर घड़े फोड़े उनके पोस्टर पर जूते चप्पल मारे गली गलौच की लेकिन उनके खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस ने कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की इसी तरह पेपर लीक मामले महंगाई बेरोजगारी डीजल पेट्रोल और गैस की किल्लत को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने नगर में शांतिपूर्ण जुलूस निकालकर कलेक्ट्रेट में धरना दिया इस जुलूस और धरना प्रदर्शन के लिए पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने अनुमति देने के लिए 3 दिन पहले ही प्रार्थना पत्र दे दिया था लेकिन जिला प्रशासन ने लोकतंत्र की हत्या करते हुए सपा के शांतिपूर्ण धरना करने वाले 50 नेताओं के विरुद्ध नामजद तथा 200 कार्यकर्ताओं के विरुद्ध अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली है जो लोकतंत्र के लिए एक बहुत बड़ा धब्बा है। जबकि दूसरी तरफ भाजपा नेताओं और मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों के बीच हुए मारपीट के बाद मुख्य बाजार उरई में भाजपा व्यापारी नेताओं ने 7 घंटे का जाम लगाया था जिससे आवागमन बाधित हुए जिससे लोगों को आने जाने में परेशानी हुए इसी प्रकार भाजपा के कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के आने पर भरी भीड़ उमड़ी लेकिन जिला प्रशासन ने इन तीनों मामलों में किसी भाजपा नेता या कार्यकर्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की न ही कोई कानूनी कार्रवाई की जो जिला प्रशासन का इए दोहरा व्यवहार है इसे जनता बर्दाश्त नहीं करेगी

# यमुना किनारे अज्ञात युवती का शव मिलने से मचा हड़कंप, पुलिस अभी तक नही करवा पाई शिनाख्त

### -जिले में अज्ञात लाशें मिलने से रहस्यमय भय व्याप्त

### -22 वर्षीय युवती के शव को लेकर हो रहीं तरह तरह की चर्चाएं





( यंग भारत न्यूज )

**उरई** । जनपद के कुठौंद थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकरपुर चौकी के पास ग्राम शनगढ़ के निकट यमुना नदी के बालू घाट पर गुरुवार सुबह एक अज्ञात युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, फॉरेंसिक टीम तथा क्षेत्राधिकारी जालौन मौके पर पहुंच गए और जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब सात बजे पुलिस को सूचना मिली कि यमुना नदी किनारे एक युवती का शव पड़ा हुआ है। प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पहुंची और ग्रामीणों की सहायता से शव को नदी से बाहर निकलवाया। घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी ने भी मौके का निरीक्षण किया, जबकि फॉरेंसिक टीम ने आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस के अनुसार मृतका की उम्र लगभग 22 वर्ष प्रतीत हो रही है। युवती ने नीले रंग की जींस और काले रंग की कुर्ती पहन रखी थी। प्रथम दृष्टया शव कुछ समय पुराना लग रहा है तथा आशंका व्यक्त की जा रही है कि वह नदी के बहाव के साथ बहकर यहां पहुंचा होगा। हालांकि मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मृतका की पहचान कराने के प्रयास तेज कर दिए हैं। आसपास के जनपदों और थानों को भी सूचना भेजी गई है। अधिकारियों का कहना है कि मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही घटना की सच्चाई सामने लाने का प्रयास किया जाएगा।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा टीम ने चलाया मिलावट खोरों के खिलाफ अभियान

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )**। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार सहायक आयुक्त (खाद्य) जालौन डॉ. जतिन कुमार सिंह के नेतृत्व में आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद जालौन की टीम द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थों विशेषकर खाद्य मसालो की रोकथाम के लिए टीम द्वारा स्थान गोपाल गंज बंबई रोड स्थित एस एस ट्रेडर्स प्रो शिशिर गुप्ता के प्रतिष्ठान से हल्दी पाउडर व सब्जी मसाला का नमूना संग्रहित किया गया तथा स्थान करमेर रोड़ उरई पर स्थित ए वी आर एंटरप्राइजेज प्रो. अवनेंद्र सिंह के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ हल्दी पाउडर व सब्जी मसाला का नमूना संग्रहित किया गया साथ ही राठ रोड स्थित विशाल मेगा मार्ट से खाद्य पदार्थ हल्दी पाउडर का नमूना संग्रहित कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत दोषी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी। विभागीय टीम द्वारा यह अभियान लगातार जारी है और जिले के विभिन्न बाजारों में निरीक्षण चलता रहेगा। इस अवसर पर सहायक आयुक्त (खाद्य) जतिन कुमार सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कन्हैया लाल यादव, सुनील कुमार, महेश प्रसाद उपस्थित रहें।

# बिना रॉयल्टी और ओवरलोड बालू लदा डंपर सीज, प्रशासन ने की सिर्फ एक डंपर पर कार्यवाही

( यंग भारत न्यूज )



- एसडीएम और एआरटीओ की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई
- अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान जारी रखने के निर्देश

**कालपी ( जालौन )**। अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को उपजिलाधिकारी अमित शेखर और एआरटीओ की संयुक्त टीम ने बालू से भरे एक ओवरलोड डंपर को पकड़कर सीज कर दिया। वाहन के पास आवश्यक खनन प्रपत्र और रॉयल्टी संबंधी दस्तावेज नहीं मिले। जानकारी के अनुसार उपजिलाधिकारी अमित शेखर यमुना नदी के किनारे एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की ओर से आयोजित मॉक ड्रिल कार्यक्रम में शामिल थे। इसी दौरान कालपी के तरीबुल्दा खनन क्षेत्र से बाहर निकल रहा एक बालू लदा डंपर टीम की नजर में आया। संदेह होने पर वाहन को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान वाहन चालक आवश्यक खनन प्रपत्र और रॉयल्टी संबंधी अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। साथ ही डंपर में निर्धारित क्षमता से अधिक बालू लदी होने की बात भी सामने आई। इसके बाद संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए डंपर को कब्जे में लेकर गल्ला मंडी परिसर में सीज कर खड़ा करा दिया। उपजिलाधिकारी अमित शेखर ने कहा कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्षेत्रीय लेखपालों को निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क निगरानी रखें और कहीं भी अवैध खनन की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस व प्रशासन को अवगत कराएं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध खनन रोकने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद ओवरलोडिंग और अवैध खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

# खांगर समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने राजकुमार, प्रताप भान सिंह को मिली जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी



### -संगठनात्मक बैठक में समाज की एकता और उत्थान पर हुई चर्चा

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )**। अखिल भारतीय खांगर क्षत्रिय समाज की ओर से गुरुवार को गुरुरोपण महाविद्यालय, कुकरगांव में सम्मान समारोह एवं संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें राजकुमार खांगर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सम्मानित किया गया। वहीं, प्रताप भान सिंह 'पिंटू' परिहार को जालौन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की घोषणा की गई।

कार्यक्रम में समाज के संरक्षक ठाकुर दद्दा मलखान सिंह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरूप परिहार (ग्वालियर) के नेतृत्व में संगठन की गतिविधियों और समाज के विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता राम खिलौने परिहार (उग्रापुर) ने की। इस दौरान युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष पिंडारी सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं समाजजन मौजूद रहे। बैठक में विगत छह माह से रिक्त चल रहे जिला अध्यक्ष पद पर भी विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित समाजजनों ने सर्वसम्मति से प्रताप भान सिंह 'पिंटू' परिहार (हरिपुरा) के नाम का समर्थन किया। इसके बाद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार खांगर, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष पिंडारी एवं अन्य पदाधिकारियों ने उनके नाम की घोषणा की। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाज की एकता और संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के अंत में समाज के उत्थान, संगठन की मजबूती और सामाजिक एकजुटता के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में भूपत सिंह मास्टर, डॉ. बृजकिशोर, सूरज बाबू, धीर सिंह पिंडारी, राजकुमार परिहार सहाव, रजनीश 'गुड्डु' सहाव, प्रवेश बरहा, विजय सिंह इटवा, प्रकाश सेहपुरा, सुनील गोपालपुरा, मथुरा सिंह, समर सिंह तजपुरा, अमर सिंह, डॉ. जी.एस. परिहार, शिव प्रताप परिहार, दीपक अखनीवा, छोटू बरहा, बलबीर तीतरा और पवन गोवर्धनपुरा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# मौसम ने फिर ली करवट, तेज बारिश से मिली राहत

( यंग भारत न्यूज )



**उरई** । गुरुवार को जनपद जालौन में मौसम ने अचानक करवट ली। दोपहर बाद आसमान में घने काले बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी व उमस से बड़ी राहत प्रदान की। बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे वातावरण सुहावना हो गया और लोगों ने राहत की सांस ली।

पिछले कई दिनों से जालौन सहित आसपास के क्षेत्रों में प्रचंड गर्मी और हीट वेव का असर बना हुआ था। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित था तथा दोपहर के समय बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता था। गुरुवार को अचानक बदले मौसम ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई और मौसम खुशनुमा हो गया। हालांकि, यह बारिश मूंग की फसल की कटाई कर रहे किसानों के लिए चिंता का विषय बन सकती है। वहीं जिन किसानों के खेत खाली पड़े हैं, उनके लिए यह बारिश लाभकारी साबित होगी, क्योंकि इससे भूमि में नमी बढ़ेगी और आगामी फसलों की तैयारी में सहायता मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में मौसम में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। फिलहाल बारिश और ठंडी हवाओं ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत देकर मौसम को सुखद बना दिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

## जिले में लगातार बढ़ रहा है आत्महत्याओं का ग्राफ

( यंग भारत न्यूज )



**उरई**। जनपद के रामपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जगम्मनपुर-बेनीपुरा मार्ग पर गुरुवार सुबह एक युवक का शव आम के पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई, वहीं पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब सात बजे खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने बेनीपुरा गांव के समीप एक आम के पेड़ से युवक का शव लटका देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान बेनीपुरा (उदोतपुरा) निवासी संजू उर्फ लल्लू (22) पुत्र रामकुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि संजू अविवाहित था और पानी-पूड़ी बेचने के साथ ही शादी-विवाह समारोहों में खाना बनाने का कार्य करता था। घटना स्थल की परिस्थितियों को लेकर स्थानीय लोगों में कई तरह की चर्चाएं हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिस डाल से शव लटका मिला, उसकी ऊंचाई और अन्य परिस्थितियां कई सवाल खड़े कर रही हैं। इसी कारण ग्रामीण मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच की मांग कर रहे हैं। रामपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक शिव प्रकाश सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर गहन जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# फिर गया बसपा सुप्रीमो का दिमाग

## बहन मायावती की बड़ी कार्रवाई, लालाराम अहिरवार संगठन से बाहर

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )**। बहुजन समाज पार्टी में संगठनात्मक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए पार्टी सुप्रीमो मायावती ने झांसी मंडल प्रभारी लालाराम अहिरवार पर कड़ी कार्रवाई की है। पार्टी में गुटबाजी समाप्त करने और संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से लालाराम अहिरवार को सभी पार्टी पदों के साथ-साथ संगठन से भी बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है।

बताया जा रहा है कि लंबे समय से संगठन में चल रही अंदरूनी खींचतान और गुटबाजी को लेकर पार्टी नेतृत्व गंभीर था। इसी क्रम में यह निर्णय लिया गया है ताकि कार्यकर्ताओं के बीच एकजुटता कायम की जा सके और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके। वहीं पार्टी नेतृत्व ने रविकांत मौर्य का कद बढ़ाते हुए उन्हें झांसी का मुख्य मंडल प्रभारी नियुक्त किया है। संगठन में उनकी सक्रियता और कार्यशैली को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। बसपा नेतृत्व के इस फैसले को संगठन में अनुशासन और मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। राजनीतिक गलियारों में इस कार्रवाई की चर्चा तेज है और इसे बुंदेलखंड क्षेत्र में बसपा संगठन को नई दिशा देने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

# न.प.उरई के बिगड़ैल ईओ के ऊपर सभासदों ने लगाई गंभीर आरोपों की झड़ी

### -बड़े पैमाने पर विकास कार्यों में किये गए फर्जी भुगतान, सभासदों ने की आई ए एस रिंकू सिंह जांच कराने की मांग

### - डीएम ने एसडीएम जालौन रिंकू राही को सौंपी जांच

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )**। नगर पालिका परिषद उरई में कथित फर्जी एवं अनियमित भुगतानों को लेकर भाजपा नेता एवं नामित सभासद अनुज नागा ने जिलाधिकारी जालौन को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने मांग की कि नगर पालिका में विकास कार्यों से जुड़े भुगतान एवं उनसे संबंधित अभिलेखों की जांच उप जिलाधिकारी (एसडीएम) रिंकू सिंह राही से कराई जाए, जिससे वास्तविक तथ्यों का खुलासा हो सके।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पिछले लगभग दो वर्षों से नगर पालिका परिषद उरई में विकास कार्यों की गति प्रभावित हुई है। कई कार्यों के भुगतान को लेकर लगातार विवाद की स्थिति बनी हुई है। कुछ सभासदों एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा कथित रूप से विशेष कार्यों के भुगतान के लिए दबाव बनाए जाने की बात भी सामने आई है। बताया गया कि संबंधित कार्यों में गुणवत्ता, प्रक्रिया एवं भुगतान से जुड़े कई सवाल उठ रहे हैं, जिससे जनप्रतिनिधियों और पालिका प्रशासन के बीच मतभेद की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अनुज नागा ने कहा कि नगरहित एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि जिन कार्यों को लेकर विवाद है, उनके भुगतान संबंधी अभिलेख, निविदा प्रक्रिया, माप पुस्तिका (एमबी), स्वीकृतियां एवं अन्य दस्तावेजों की गहन जांच कराई जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि विवादों के कारण नगर के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और आम नागरिकों में असंतोष का माहौल बन रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि नगर पालिका में पारदर्शिता स्थापित हो सके और विकास कार्यों में आ रही बाधाएं दूर हों।इस दौरान कई सभासदों ने भी ज्ञापन का समर्थन करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की।

# तेज आंधी ने मचाई तबाही, घंटों बाधित रही विद्युत आपूर्ति

( यंग भारत न्यूज )

**उरई** । गुरुवार को अपरान्ह लगभग 3 बजे के बाद मौसम ने अचानक करवट ली और तेज आंधी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जनजीवन को प्रभावित कर दिया। तेज रफ्तार हवाओं के चलते कई स्थानों पर टीन-टप्पर उड़ गए, पेड़ों की शाखाएं टूटकर सड़कों पर गिर पड़ीं तथा लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। आंधी के कारण विद्युत व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हुई। कई स्थानों पर बिजली के तारों और पोलों को नुकसान पहुंचने से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। इसके चलते नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कई घंटों तक अंधेरा छाया रहा। बिजली न होने से लोगों को गर्मी और उमस के बीच पेयजल तथा अन्य दैनिक कार्यों में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। आंधी के बाद हुई हल्की बारिश से मौसम जरूर सुहावना हो गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई, लेकिन तेज हवाओं के कारण हुए नुकसान ने लोगों की चिंता बढ़ा दी। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीमें फॉल्ट तलाशने और आपूर्ति बहाल करने में जुट गईं। देर शाम तक अधिकांश क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सामान्य करने का प्रयास जारी रहा। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी मौसम के उतार-चढ़ाव की संभावना जताई है। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने तथा आवश्यक होने पर ही घरों से बाहर निकलने की अपील की है।

# यमुना किनारे बाढ़ से निपटने की तैयारी पर प्रशासन का मेगा मॉकड्रिल, एनडीआरएफ व एस डीआरएफ ने दिखाया दम





( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई** । आगामी मानसून और यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जालौन प्रशासन ने कालपी के पीला घाट पर व्यापक बाढ़ राहत एवं बचाव मॉकड्रिल का आयोजन किया। इस दौरान राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा मोचन बल की संयुक्त टीमों ने आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों का सजीव प्रदर्शन कर अपनी तैयारियों का परिचय दिया।

मॉकड्रिल में नदी में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने, घायलों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने तथा राहत सामग्री पहुंचाने की विभिन्न प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया गया। बचाव दलों ने नावों, लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय और अन्य आधुनिक उपकरणों का उपयोग करते हुए यह दिखाया कि अचानक आई बाढ़ की स्थिति में किस प्रकार प्रभावी और समन्वित ढंग से राहत अभियान संचालित किया जाएगा। अभ्यास के दौरान प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और आपदा प्रबंधन एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में सभी विभागों के बीच समन्वय ही राहत कार्यों की सफलता की सबसे बड़ी कुंजी होता है। मॉकड्रिल में अपर जिलाधिकारी राजीव राज, उपजिलाधिकारी अमित शेखर, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, नायब तहसीलदार मुकेश कुमार सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने आपदा के दौरान प्राथमिक उपचार और चिकित्सीय सेवाओं की तैयारियों का प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने कहा कि मानसून के दौरान यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने की संभावना बनी रहती है। ऐसे में संभावित बाढ़ की चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने तथा जनहानि को न्यूनतम रखने के उद्देश्य से यह मॉकड्रिल आयोजित की गई। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि किसी भी आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव के लिए सभी विभाग पूरी तरह सतर्क और तैयार हैं।मॉकड्रिल ने यह संदेश दिया कि आपदा आने से पहले की तैयारी ही संकट के समय सबसे बड़ा सहारा बनती है।

# केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने मंदिरों में की पूजा अर्चना

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 स्वर्णिम वर्षों में भारत देश उन्नत, विकसित देश होने की दिशा में आगे बढ़ा है, यह बात माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कही।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार की शाम विधायक मूलचंद्र निरंजन एवं भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल सहित अनेक नेता और कार्यकर्ता नगर के प्रसिद्ध आनंदेश्वर महादेव मंदिर और हुल्का माता मंदिर पहुंचे जहां सभी ने पूजा अर्चना और आरती कर प्रधामनंत्री मोदी की दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान भाजपाइयों ने मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया, साथ ही पौधे रोपे। इस मौके पर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद इन 12 वर्षों में नरेंद्र मोदी ने दिन-रात



देशवासियों की सेवा कर उनके कल्याण और सुशासन के प्रति गंभीर रहकर काम किया है और भारत का विश्व भर में डंका बज रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आने वाले कुछ सालों में भारत देश दुनिया की एक बड़ी शक्ति के रूप में नजर आएगा। इस अवसर पर नगर कोषाध्यक्ष अनिल कपूर, सभासद अनिल वर्मा, रविकांत कुशवाहा, बादाम कुशवाहा, महामंत्री राजेंद्र दुबे, नरेश कुशवाहा, ओपी कुशवाहा, राजेश्वरी यादव, नरेंद्र विश्वकर्मा, प्रदीप वर्मा,जिला मंत्री बाबूराम पाल, शिवसिंह कुशवाहा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पांच वर्षीय मासूम को पुलिस ने उसके परिवार से मिलाया

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** जालौन कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए एक खोए हुए पांच वर्षीय मासूम बच्चे को सकुशल उसके परिजनों से मिलाने का कार्य किया। बच्चे के सुरक्षित मिलने से परिवार में खुशी का माहौल है।

गुरुवार सुबह ग्राम छानी निवासी सौरभ और विकास को एक छोटा बच्चा अकेला घूमता हुआ मिला। दोनों युवकों ने जिम्मेदारी और मानवता का परिचय देते हुए बच्चे को सुरक्षित जालौन कोतवाली पहुंचाया और पुलिस को इसकी सूचना दी। पूछताछ के दौरान बच्चे ने अपना नाम ऋषि राज पुत्र विनय गुप्ता, उम्र लगभग 5 वर्ष, निवासी मोहल्ला नया भवानीराम, लोना रोड, जालौन बताया। इसके बाद जालौन कोतवाली पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए बच्चे के परिजनों का पता लगाया और उन्हें कोतवाली बुलाकर मासूम को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया। अपने लाडले को सुरक्षित पाकर परिजनों की आंखें खुशी से नम हो गईं। उन्होंने जालौन पुलिस के साथ-साथ बच्चे को सुरक्षित कोतवाली पहुंचाने वाले सौरभ और विकास का आभार व्यक्त किया

# सम्मानित व्यक्ति का अपमान हो जाना मृत्यु के समान होता है - ज्योति

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़ ( जालौन )** तहसील की ग्राम पंचायत असहना के मजरा मचकछा के राम-जानकी मंदिर और शनि मंदिर के परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिवस पर कथावाचक सरस हृदय ज्योति किशोरी श्री वृन्दावन धाम ने भक्तों को भक्ति मार्ग पर चलकर भगवान को पाने लिए सीख दी द्रोपदी ने जब पुत्रों के सिर कटे देखें तो वह रूदन करने लगी तभी अर्जुन ने प्रतिज्ञा कर ली कि मैं इनके मारने वाले को मार दूंगा अश्वत्थामा दौड़ रहा है तो पीछे पीछे अर्जुन ने जाकर उसे पकड़ लिया और घसीटते हुए द्रोपदी के सामने लाए हैं जैसे ही द्रोपदी ने देखा कि अश्वत्थामा हैं जो मेरे का गुरु का बेटा है इसे छोड़ दीजिए अब अर्जुन ने पूछा कि भगवान श्रीकृष्ण अब क्या होना चाहिए सभी ने छोड़ने की बात कही तब भगवान श्रीकृष्ण ने बताया कि सम्माननीय व्यक्ति का अपमान हो जाए वह मृतक समान हो जाए तभी उसकी चोटी काट ली गई वह बहुत अपमानित हो गया तो अश्वत्थामा ने पांडवों से बदला लेने के लिए अर्जुन पुत्र



अभिमन्यु की पत्नी के गर्भ में पल रहे शिशु को मारकर वंश समाप्त करने के लिए अपना तीर छोड़ दिया तभी भगवान श्रीकृष्ण ने उस गर्भ को बचाने का काम किया है भगवताचार्य व्याकरणाचार्या संस्कृताचार्या ने विभिन्न कथाओं को सुनाकर भक्तों के मन को भक्तिरस में लगा दिया इस मौके पर रामसहाय पाल पूर्व सैनिक आयोजक मुलायम सिंह यादव समाजवादी नेता बलवीर सिंह प्रधान बन्नाम सिंह पूर्व प्रधान नथू पाल मकरंद सिंह रामौतार पाल रामस्वरूप रामसेवक पूर्व प्रधान गंगा सिंह जयराम सिंह रामप्रकाश पाल कामता प्रसाद प्रयागनारायण सहित दर्जनों की संख्या में भक्तों की मौजूदगी रही है

# बच्चों एवं सभासद अरविंद के प्रयास से बची बछड़े की जान

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ ( जालौन )** कस्वा माधौगढ़ के वार्ड नंबर-2 में नौनिहालों की सतर्कता और सभासद अरविंद सिंह सेंगर सदस्य जिला योजना समिति के त्वरित प्रयासों से एक घायल बछड़े की जान बच गई। कस्वा के कुछ बच्चों ने एक बछड़े को गंभीर रूप से घायल अवस्था में देखा। उसके दोनों पैरों में चोट लगी हुई थी, जिससे वह चलने-फिरने में असमर्थ था और दर्द से कराह रहा था।

बच्चों ने बिना देर किए इसकी सूचना वार्ड के सभासद को दी। सूचना मिलते ही सभासद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पशु चिकित्सक डॉ. राहुल राठौर से संपर्क किया। पशु चिकित्सक तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल बछड़े का परीक्षण कर उसके दोनों पैरों का उपचार किया। प्राथमिक चिकित्सा के बाद बछड़े की स्थिति में सुधार देखा गया। इस पूरे घटनाक्रम में नन्हे गौसेवकों की जागरूकता और संवेदनशीलता की लोगों ने जमकर सराहना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते बच्चों ने सूचना न दी होती तो बछड़े की हालत और गंभीर हो सकती थी।वार्ड वासियों ने सभासद एवं पशु चिकित्सक के त्वरित सहयोग और मानवीय संवेदनाओं की भी प्रशंसा की। सभी के संयुक्त प्रयास से एक बेजुबान पशु को समय पर उपचार मिल सका, जो समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। फिलहाल बेजुबान बछड़े की जान बच गई है

# भूमि पर अवैध कब्जा कर विपक्षी कर रहा निर्माण कार्य

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़ ( जालौन )** तहसील की ग्राम पंचायत कंझारी निवासी विजय सिंह ने एक शिकायती प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य को देते हुए अपने पत्र में लिखा है कि मेरा सहखातेदार शिव सिंह के बीच आपसी सहमति से बंटवारा हो गया था उसी बंटवारा के अनुसार प्रार्थी और सहखातेदार काबिज रहे हैं लेकिन अब शिव सिंह की नियत खराब होने से मुझ प्रार्थी के हिस्से वाली भूमि पर जबरन अवैध निर्माण कार्य करने की कोशिश कर रहे हैं मना करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं उक्त विपक्षी दबंग किस्म का व्यक्ति हैं जिसका गांव में भारी आतंक है ऐसी स्थिति में पुलिस बल की सहायता से शिव सिंह को अवैध कब्जा और निर्माण कार्य से रोका जाए प्रार्थी के हिस्से वाली भूमि में किसी भी तरह का निर्माण कार्य न हो उक्त ने उपजिलाधिकारी से गुहार लगाई है कि प्रार्थी की हिस्से वाली भूमि से अवैध कब्जा हटवाने एवं निर्माण कार्य से रोका जाए

# एक अबोध बालक की शिक्षा में बेटे आगे खुद पीछे की ओर चलती है माँ - हरिओम

## गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ ( जालौन )** तहसील की ग्राम पंचायत गोरा चिरईया में श्रीमद् भागवत महापुराण की भव्य कलश यात्रा बड़ी धूमधाम और गाजे बाजे के साथ भक्ति गीतों के साथ थिरकते भक्तों की भारी भीड़ के साथ निकाली गई सरस कथा व्यास आचार्य हरिओम त्रिपाठी जी भगवताचार्य ने प्रथम दिवस की कथा सुना कर सभी को भक्ति मय कर दिया उन्होंने बताया कि जब बेटा चलना नहीं जानता है तो मां उसकी दोनों अंगुली पकड़कर आगे की ओर करती तो मां पीछे की ओर चलती है मां आशय रहता है कि वह भले ही विपरीत परिस्थितियों में रहे पर अपने बच्चों को सही दिशा की ओर ले जाती है ठीक उसी तरह भक्तो की भलाई के लिए किन्हीं भी परिस्थितियों में आगे लाने का काम करते हैं भगवान सभी जीवों पर कृपा करते हैं वह दयालु ही नहीं दया के सागर हैं जो भी भक्त भगवान को भज लेता है वह भगवान का हो जाता है वह सभी बंधनों से मुक्त हो जाता है वह संसार का विशेष व्यक्ति बन जाता है इस मौके पर परीक्षत गंगावती,ज्ञान सिंह पाल और समस्त ग्राम वासियों का सहयोग रहा जिसमें बड़े बुजुर्ग एवं माता बहनों ने चढ़ बढ़कर इस कलश यात्रा शोभा में तन मन धन से सहयोग किया शोभा यात्रा ढोल गड़े के साथ बड़े ही धूमधाम से निकल गई ग्राम के सभी देवी देवताओं पर एवं पूरे गांव में शोभायात्रा का परचम लहराया,शोभा यात्रा की शुभ अवसर पर विवेक पाल साहब सिंह पाल अजय नाथ सिंह पाल मुकेश शिवहरे प्रधान रवि राजावत, मनोज सिंह सेंगर,रिंकू याज्ञिक, बबलू मिश्रा, पुनीत त्रिपाठी, धर्मेंद्र सिंह चौहान, अनमोल श्रीवास्तव, रविन्द्र शर्मा, विजय सिंह चौहान जीतू सिंह राजावत सहित अन्य सैकड़ों भक्तो की मौजूदगी रही है

# युवा प्रधान समर सिंह के नेतृत्व में प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान को मिली नई दिशा

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ ( जालौन )।** ग्राम पंचायत में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से युवा प्रधान समर सिंह के नेतृत्व में प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी, पंचायत मित्र एवं सफाई कर्मचारियों ने गांव में प्लास्टिक कचरा एकत्र कर उसे आरआरसी सेंटर तक पहुंचाया।

युवा प्रधान समर सिंह ने कहा कि गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए जनसहयोग बेहद आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग कम करें तथा पर्यावरण संरक्षण में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। अभियान में ग्राम पंचायत अधिकारी राहुल कुमार, पंचायत मित्र, सफाई कर्मचारी एवं अन्य पंचायत कर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी ने मिलकर गांव के विभिन्न स्थानों से प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया और उसके सुरक्षित निस्तारण की व्यवस्था कराई। साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त वातावरण के प्रति जागरूक किया गया। युवा प्रधान समर सिंह की इस पहल की ग्रामीणों ने सराहना की। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान द्वारा लगातार स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनहित के कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे गांव में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

# साइबर ठगी और जालसाजी के मामले में फरार चल रहे इनामिया अंतरराज्यीय आरोपी को पुलिस ने दबोचा

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** पुलिस अधीक्षक विनय कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे वांछित, वारंटी एवं पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुरुवार दोपहर पुलिस ने 15 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की है।पुलिस के मुताबिक, जनपद में अपराध नियंत्रण तथा लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी, वांछित एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना और सघन तलाश के दौरान 15 हजार रुपये के इनामी वारंटी अभियुक्त उमेश कुमार चौहान पुत्र रामचन्द्र उम्र 22 वर्ष निवासी डी नं नरूद्दीन गंज माल सलामी माधव मिल्स थाना माल सलामी जनपद पटना बिहार को सुरही चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक कुमार,मंडी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नीतीश कुमार,सिपाही अनिल कुमार, भूपेंद्र पाल के साथ गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्त पर भारतीय दंड संहिता की धारा 420 ( धोखाधड़ी ), 419 ( छलपूर्वक प्रतिरूपण ), 465, 467, 468, 471 ( जालसाजी एवं फर्जी दस्तावेजों के उपयोग ) तथा 120-बी ( आपराधिक षड्यंत्र ) के साथ-साथ आईटी एक्ट की धारा 66 सी एवं 66 डी के तहत मुकदमा दर्ज है। अभियुक्त काफी समय से फरार चल रहा था, जिसके चलते उस पर 15 हजार रुपये का पुरस्कार भी घोषित किया गया था।

कोतवाली पुलिस टीम ने अभियुक्त को 10 जून 2026 को सुबह एफसीआई गेट के सामने मुख्य सड़क से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने सहित अन्य आवश्यक विधिक प्रक्रियाएं पूरी की गईं।प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा और कानून से बचने का प्रयास करने वाले किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। शांति, कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है।

# अफसरों को देता था सेक्स पार्टी, फिर होता था खेला; भारतीय मूल के फाइनेंसर का महाघोटाला

( यंग भारत न्यूज )

अमेरिका में भारतीय मूल के एक बिजनेसमैन ने फर्जीवाड़े और ब्लैकमेलिंग की सारी हदें पार कर दीं। 44 वर्षीय फाइनेंसर महेंद्र मखीजानी को एक अमेरिकी बैंक के साथ करीब 100 मिलियन डॉलर (लगभग 954.2 करोड़ रुपये) की धोखाधड़ी करने के आरोप में बुधवार सुबह गिरफ्तार किया गया है।



मखीजानी पर न सिर्फ बैंक घोटाले के, बल्कि सेक्स और ड्रग्स पार्टी आयोजित कर लोगों को ब्लैकमेल करने तथा हथियारबंद गुंडों के जरिए संपत्तियों पर कब्जा करने जैसे बेहद गंभीर आरोप भी हैं। इस मामले में दोषी पाए जाने पर उसे 30 साल तक की जेल हो सकती है। महेंद्र मखीजानी न्यूपोर्ट बीच स्थित 'कैंटर ग्रुप VLLC' नाम की कंपनी चलाता है। बैंक ने रियल एस्टेट से जुड़े लोन खरीदने या जारी करने के लिए कैंटर कंपनी को 100 मिलियन डॉलर का एडवांस दिया था, जिसे लोन की कमाई से बैंक को चुकाया जाना था। यूएस इंटरनल रेवेन्यू सर्विस के मुताबिक, मखीजानी ने शेल कंपनियों के नेटवर्क का इस्तेमाल किया और टाइटल इंश्योरेंस (बीमा) पॉलिसी के रिकॉर्ड में भारी हेराफेरी की। सितंबर 2024 से अप्रैल 2025 के बीच मखीजानी ने दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा करके यह दिखाया कि गिरवी रखी गई संपत्तियों पर उसकी कंपनी का पहला अधिकार है। इसके बाद उसने अपने कर्मचारियों के जरिए ये फर्जी बीमा पॉलिसियां बैंक में जमा करवा दीं और बैंक अधिकारियों के साथ टेलीकॉन्फ्रेंस में भी लगातार झूठ बोला। अदालती दस्तावेजों के अनुसार, मखीजानी सीक्रेट प्राइवेट पार्टियों का आयोजन करता था, जिनमें ड्रग्स और सेक्स वर्कर्स लाई जाती थीं। चौंकाने वाली बात यह है कि इन पार्टियों में बैंक के कुछ कर्मचारी भी शामिल हुए थे। मखीजानी इन पार्टियों में होने वाली चीजों की जानकारी का इस्तेमाल कर बैंक कर्मचारियों और अपने स्टाफ को ब्लैकमेल करता था और उन पर अपना दबदबा बनाए रखता था। मखीजानी ने अपने अधीन काम करने वालों में खौफ पैदा करने के लिए गुंडों का इस्तेमाल किया। दस्तावेजों के मुताबिक, वह कर्मचारियों को धमकी देता था कि वह उन्हें 'जान से मार देगा', उनके 'परिवार को सड़क पर ला देगा' और 'उनके बच्चों को सरकारी मदद (वेलफेयर) पर जीने को मजबूर कर देगा।' यही नहीं, उसने दक्षिणी कैलिफोर्निया के एक पॉश इलाके में होटल और एक रेस्तरां पर कब्जा करने के लिए अपने हथियारबंद गुंडों को भेजा था। पिछले महीने ही एक मध्यस्थ ने मखीजानी को लगुना बीच के बिजनेसमैन मोहम्मद होनारकर के साथ रियल एस्टेट डील में हुए विवाद में 1.3 बिलियन डॉलर (लगभग 12,391.6 करोड़ रुपये) के हर्जाने का जिम्मेदार ठहराया है। न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के हवाले से अदालत के दस्तावेजों में दावा किया गया है कि मखीजानी अपने व्यापारिक प्रतिद्वंद्वियों (जिनमें होनारकर भी शामिल हैं) पर हावी होने के लिए धमकियों, डराने-धमकाने और हिंसा का भी सहारा लेता था। अमेरिका के कोरोना डेल मार में रहने वाला महेंद्र मखीजानी भारत में पैदा हुआ था और वर्तमान में अमेरिका में ग्रीन कार्ड पर रह रहा है। बुधवार सुबह उसे न्यूपोर्ट बीच स्थित उसकी आलीशान हवेली से गिरफ्तार किया गया। यूएस इंटरनल रेवेन्यू सर्विस के अधिकारियों का कहना है कि मखीजानी ने अपने निजी फायदे के लिए दस्तावेजों में हेरफेर कर वित्तीय प्रणालियों का दुरुपयोग किया है, जिसके लिए उसकी पूरी जवाबदेही तय की जाएगी।

# प्रेमी पर भरोसा करना पड़ा भारी! मेले में घूमने के बहाने जंगल ले गया युवती को. फिर सामने आई रोंगटे खड़े कर देने वाली सच्चाई

( यंग भारत न्यूज )



झारखंड के चतरा जिले में एक युवती की मौत का मामला पुलिस जांच के बाद एक खौफनाक अपराध में बदल गया. कुछ दिन पहले नदी किनारे बालू में दबा मिला शव पुलिस के लिए पहेली बना हुआ था, लेकिन जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, वैसे-वैसे ऐसी परतें खुलती गईं जिन्होंने हर किसी को हैरान कर दिया. पुलिस के मुताबिक, युवती अपने परिचित युवक पर भरोसा कर उसके साथ गई थी. उसे बताया गया था कि मेले में घूमने चलना है, लेकिन रास्ता मेले की बजाय जंगल में ले गए. यहीं से पूरी घटना ने भयावह रूप ले लिया. 6 जून को स्थानीय लोगों ने नदी किनारे बालू में दबा एक शव देखा. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके को घेर लिया. शुरुआती जांच में पहचान नहीं हो सकी, इसलिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया.कई घंटों की जांच और तकनीकी पड़ताल के बाद मृतका की पहचान हुई. इसके बाद पुलिस ने उसके संपर्क में रहने वाले लोगों की जानकारी जुटानी शुरू की. जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि युवती का एक युवक के साथ प्रेम संबंध था. इसी कड़ी ने जांच को नई दिशा दी. कॉल डिटेल, पूछताछ और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस संदिग्धों तक पहुंच गई.बताया जा रहा है कि घटना वाली रात युवती अपने परिचित युवक और उसके साथियों के संपर्क में थी. पुलिस को यहीं से पूरे मामले की कड़ी मिल गई. पुलिस का दावा है कि युवती को मेले में घुमाने की बात कहकर जंगल की तरफ ले जाया गया. वहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया. इसके बाद आरोपियों ने पहचान छिपाने और पुलिस को गुमराह करने के लिए हत्या की साजिश रची.वारदात को अंजाम देने के बाद शव को नदी किनारे ले जाकर बालू में दबा दिया गया, ताकि किसी को इसकी भनक न लगे. मामले में पुलिस ने चार युवकों (सूरज कुमार, पवन महतो,राहुल भुंईया व रोहित कुमार महतो) को गिरफ्तार किया है. पूछताछ के बाद सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.पुलिस का कहना है कि मामले की जांच अभी जारी है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उन्हें केस डायरी में शामिल किया जाएगा.

# प्रेमिका को छोड़ बुआ के घर पहुंचा था युवक, बहन के कमरे में इस हालत में देख फुफेरे भाइयों ने कर दिया कांड

( यंग भारत न्यूज )




**मुरादाबाद।** प्रेमिका को गांव में छोड़कर बुआ घर पहुंचे युवक की फुफेरे भाइयों ने गला दबाकर हत्या कर दी। युवक को भाइयों ने बहन के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। युवक का शव बुधवार को सुबह गांव सोनकपुर की मिलक के जंगल में मिला। जांच के बाद पुलिस ने आरोपित दो भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। युवक तीन दिन से गायब था। स्वजन उसकी तलाश कर रहे थे। संभल के थाना कैला देवी क्षेत्र के गांव सिसौना निवासी चमन सिंह का गांव की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक रविवार की शाम गांव की प्रेमिका को लेकर फरार होने लगा। गांव में ही कुछ महिलाएं कीर्तन कर रही थीं। महिलाओं ने दोनों को गांव से बाहर जाते देखा तो शोर मचा दिया। इसके बाद आसपास के लोग एकत्र हो गए थे।

लोगों ने घेराबंदी करके दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद युवक की धुनाई की थी। युवक गांव से निकलकर अपनी बुआ के घर पहुंच गया था। उधर जब वह घर नहीं पहुंचा तो युवक के स्वजन ने कैला देवी थाने गुमशुदगी दर्ज कराई। बताया जाता है कि युवक का प्रेम प्रसंग अपनी फुफेरी बहन से भी चल रहा था। रविवार की रात वह बुआ के घर पहुंचा था। रात में भाइयों ने चमन सिंह को बहन के साथ आपत्तिजनक स्थिति देखा तो वह अपना आपा खो बैठे। युवक की पिटाई करनी शुरू कर दी। बाद में उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और शव को गांव के जंगल में फेंक आए। बुधवार को सुबह खेतों पर काम करने गए कुछ लोगों ने युवक का शव पड़ा देखा तो भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने युवक की शिनाख्त कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के फुफेरे भाइयों से पुलिस ने बात की तो शुरुआत में बताया कि वह रविवार की शाम आया था और उसके बाद चला गया था। मगर इसी बीच पुलिस ने गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज के बाद राज खुल गया। पुलिस ने दोनों आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि युवक का अपनी बुआ की बेटी से प्रेम प्रसंग था। इस बात की जानकारी होने पर उसके फुफेरे भाइयों ने गला दबाकर हत्या कर दी। दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

# मां को फोन लगाकर रोती रही नवविवाहिता, थोड़ी देर बाद ससुराल से आई मौत की खबर; प्रेग्नेंट थी रानी पचौरी





( यंग भारत न्यूज )

**मुरैना।** मध्य प्रदेश के मुरैना में एक नवविवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो घई है। ससुराल पक्ष के लोगों का कहना है कि उसने जान दी है। वहीं, मायके के लोगों का कहना है कि उसकी हत्या हुई है। मां का कहना है कि मौत से पहले उसने कॉल किया था और रोए जा रही थी। पुलिस मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतक रानी पचौरी 24 साल की थी। रविवार को आधी रात को परिजन पोरसा अस्पताल लेकर पहुंचे थे। कहा था कि रानी ने खुदकुशी कर ली है। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। रानी दो महीने की प्रेग्नेंट थी। रानी पचौरी भिंड जिले के गढ़ गनेरा गांव की रहने वाली थी। मौत की खबर मिलने के बाद परिजन भी वहां पहुंच गए थे। रानी के भाई अमन पचौरी ने मीडिया से बात करते हुए आरोप लगाया है कि बहन को फंदे पर लटकाकर हत्या की गई है। उसने रोते हुए मां को फोन किया था। वह सिर्फ रोती रही फिर मौत की खबर आई। पहले लोगों ने सूचना दी थी कि रानी को हार्ट अटैक आया है। वहीं, मृतक रानी के परिजन भागते हुए रात में ही पोरसा पहुंचे। यहां पहुंचने पर पता चला कि उसकी मौत फंदे पर लटकने से हुई है। भाई ने कहा कि रानी पचौरी की शादी एक साल पहले हुई थी। 17 मई को पहली सालगिरह थी। बातचीत में उसने बताया था कि सालगिरह के बाद लगातार ससुराली लोग बेइज्जत कर रहे थे। जिसकी वजह से वह टूट गई। गौरतलब है कि पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी कि रानी पचौरी की मौत कैसे हुई है। मृतक रानी का ससुराल पोरसा में था।

# 3 करोड़ की गिनती से शुरू हुई राम मंदिर के चढ़ावे में कथित धांधली की पूरी कहानी

( यंग भारत न्यूज )

राम मंदिर, करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र... लेकिन अब इसी मंदिर के चढ़ावे को लेकर उठे सवालों ने देश की राजनीति और धार्मिक जगत में हलचल मचा दी है. आरोप हैं कि राम मंदिर के दानपात्र में चढ़ाए गए करोड़ों रुपये के चंदे में गड़बड़ी हुई. विपक्ष सवाल उठा रहा है तो राम मंदिर ट्रस्ट आरोपों को खारिज कर रहा है, जबकि जांच और ऑडिट की चर्चाएं हैं.

22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु रोज रामलला के दर्शन करने पहुंच रहे हैं. श्रद्धालुओं की ओर से नकद दान, सोना, चांदी और अन्य कीमती वस्तुएं भी बड़ी मात्रा में चढ़ाई जा रही हैं. इसका हिसाब-किताब ट्रस्ट के लोग और स्क्ब्र की ओर से नामित एक एजेंसी करती है. बीते दिनों ही राम मंदिर के चढ़ावे को लेकर सवाल उठने लगे. आरोप लगा कि चढ़ावे की गणना के दौरान कुछ गंभीर गड़बड़ियां सामने आई हैं. इस महीने की शुरुआत में दान के पैसे के गायब होने की सूचना ट्रस्ट के अधिकारियों को तब हुई जब किसी दानदाता के द्वारा लगभग 3 करोड़ की राशि रामलला को दान दी गई. आरोप ये है कि जब दान की 3 करोड़ की राशि की गिनती की गई, तब उसमें कुछ रकम कम मिले. इसके बाद दान के रुपये गायब होने की बात ट्रस्ट के पदाधिकारियों को बताई गई. सूत्रों का कहना है कि इस मामले को लेकर दो पदाधिकारियों में नोकझोक भी हुई. इसके बाद इस पूरे मामले की जानकारी शासन स्तर के अधिकारियों को दी. इसके बाद लखनऊ से एक टीम आनन-फानन में 7 जून को अयोध्या पहुंची और देर रात तक ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ राम जन्मभूमि परिसर में ही बैठक की. इस बैठक तक मामला गोपनीय था. शाम होते-होते तक इसकी भनक स्थानीय सपा नेताओं को लग गई. उन्होंने पूरा मामला अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तक पहुंचा दिया. इस विवाद को राजनीतिक रंग तब मिला जब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 7 जून को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए राम मंदिर में चढ़ावे की राशि को लेकर सवाल उठाए. अखिलेश यादव ने दावा किया कि मंदिर में चढ़ाए गए करोड़ों रुपये के हिसाब-किताब को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए. उनकी पोस्ट के बाद यह मुद्दा राष्ट्रीय बहस का विषय बन गया. विवाद बढ़ने के साथ ही कई मीडिया रिपोर्ट्स सामने आने लगीं.




इन रिपोर्टों में दावा किया गया कि दानपात्र में जमा धनराशि की गणना के दौरान कथित तौर पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये का अंतर सामने आया. कुछ रिपोर्टों में यह भी कहा गया कि गणना प्रक्रिया से जुड़े कुछ कर्मचारियों पर शक जताया गया है और उनसे पूछताछ की गई. हालांकि इन दावों की पुष्टि नहीं हुई है और जांच को लेकर आधिकारिक जानकारी सीमित रही है. कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि पुलिस ने आधा दर्जन लोगों से पूछताछ की, जो चढ़ावे के पैसे की देखरेख करते थे. जांच के दौरान एक कर्मचारी के बैंक खाते से पांच लाख रुपये ट्रस्ट के खाते में वापस जमा कराए गए. हालांकि, अयोध्या पुलिस कोई भी बयानबाजी करने से बच रही है. उसका कहना है कि हमें इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली. वहीं सूत्रों का कहना है कि पुलिस की ओर से मामले की जांच की जा रही है और कई लोगों को हिरासत में लिया गया है. राम मंदिर के चढ़ावे में धांधली के आरोपों के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से सफाई भी आई. ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि मंदिर की आय और दान राशि का नियमित ऑडिट होता है, जिसमें ट्रस्ट के लोग और स्क्ब्र के प्रतिनिधि होते हैं. चंपत राय ने स्पष्ट किया कि अब तक ऑडिट में किसी बड़े गबन या हेराफेरी की पुष्टि नहीं हुई है, सभी वित्तीय प्रक्रियाएं निर्धारित नियमों के तहत संचालित की जाती हैं और पारदर्शिता का पूरा ध्यान रखा जाता है. मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र अचानक अयोध्या पहुंच गए. दिलचस्प बात यह रही कि उनकी पहले से प्रस्तावित समीक्षा बैठक 13 जून को होनी थी, लेकिन विवाद के बीच उन्होंने कार्यक्रम बदल दिया और तत्काल अयोध्या पहुंचे. सूत्रों का कहना है कि अयोध्या पहुंचकर नृपेंद्र मिश्र ने ट्रस्ट पदाधिकारियों, बैंक अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ लंबी बैठक की. यह कई घंटों तक चली. हालांकि बाहर निकलते समय नृपेंद्र मिश्र ने मीडिया से बातचीत करने से इनकार कर दिया और केवल इतना कहा कि उनका दौरा मंदिर निर्माण कार्यों की समीक्षा के लिए है. सूत्रों के हवाले से यह भी चर्चा सामने आई कि केंद्र और राज्य सरकार के साथ ऋस्स पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं. वहीं इस मामले में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अखिलेश यादव को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उनको न तो यूपी की जनता सीरियस लेती है और न ही उस पर किसी को विश्वास होता है. इस बीच विपक्ष लगातार हमलावर बना रहा. अखिलेश यादव ने कई पोस्ट के जरिए कहा कि ट्रस्ट की तरफ से स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं की जा रही है. उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सब कुछ पारदर्शी है तो फिर जांच और पूछताछ की खबरें क्यों सामने आ रही हैं.

# मौलाना की घिनौनी करतूत! पानी लेने गई मासूम को बनाया हवस का शिकार, मस्जिद में की दरिंदगी

( यंग भारत न्यूज )



**फिरोजाबाद।** प्रदेश के फिरोजाबाद से इंसानियत को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है. यहां एक मौलाना पर आरोप है कि उसने एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म किया. पुलिस ने मस्जिद के मौलाना ज़ाकिर को गिरफ्तार कर लिया है. उसके पैर में गोली लगी है, जिसके बाद उसे इलाज के लिए तुरंत जिला अस्पताल भेजा गया. उसके पास से अवैध तमंचा और कारतूस भी मिलने की जानकारी है.

बता दें कि फिरोजाबाद के रामगढ़ की रहने वाली 14 वर्षीय नाबालिग लड़की स्थानीय जन्नती मस्जिद के मदरसे में उर्दू पढ़ने जाती थी. 7 जून की दोपहर वो मस्जिद की आरओ मशीन में पानी लेने के लिए गई थी. इसी दौरान उस मौलाना ने लड़की को पकड़ लिया और उसका मुंह बंद करके कमरे में ले गया. इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया. लड़की ने इस बात का विरोध किया, तो मौलाना ने उसका साथ मारपीट की और धमकी दी कि अगर उसने किसी को इस बारे में बताया, तो वो उसे जान से मार देगा. ये कहकर वो फरार हो गया. उसके जाने के बाद जब पीड़िता ने चीखने-पुकार मचाई, तो आसपास के लोग और पीड़िता के परिजन वहां पहुंच गए. पीड़िता ने उन्हें बताया. परिजनों ने पुलिस को इस बारे में सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने मां की तहरीर के आधार पर आरोपी इमाम जाकिर हाफिज के खिलाफ संबंधित धाराओं में शिकायत दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की. गिरफ्तारी से बचने के लिए वो ठिकाने बदलता रहा. चेकिंग और तलाशी के दौरान पुलिस का सामना आरोपी से हुआ. उसने पुलिस को देखते ही उन पर फायरिंग करनी शुरू कर दी. पुलिस ने भी फायरिंग की. पुलिस की तरफ से चलाई गई एक गोली उसके पैर में जा लगी और आरोपी वहीं पर गिर पड़ा. पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया और इलाज के लिए अस्पताल भेजा.

# प्राइवेट पार्ट्स से निकल रहा था खून... वाराणसी में बॉयज हॉस्टल की सीढ़ियों पर मिली 19 साल की लड़की की लाश, पास में मिली दवाइयां




वाराणसी के सारनाथ थाना क्षेत्र से एक बेहद सनसनीखेज वारदात सामने आई है. थाना परिसर के आवासीय क्वार्टर में रहने वाली एक 19 साल की नर्सिंग छात्रा की एक बॉयज हॉस्टल की सीढ़ियों पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. अचेत अवस्था में मिली छात्रा के प्राइवेट पार्ट्स से खून बह रहा था.

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के पीछे की वजह सामने आ पाएगी. यह घटना सारनाथ थाना क्षेत्र में स्थित एक बॉयज हॉस्टल की है. जानकारी के मुताबिक जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी की 19 साल की छात्रा सारनाथ थाना परिसर में बने सरकारी आवासीय परिसर में अपने परिवार के साथ रहती थी. बुधवार को वह बॉयज हॉस्टल की सीढ़ियों पर खून से लथपथ हालत में पाई गई. मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक छात्रा के प्राइवेट पार्ट्स से खून बह रहा था जिससे हॉस्टल परिसर में अफरा-तफरी मच गई. इस संदिग्ध मौत के पीछे कई गहरे राज छिपे होने की आशंका है. शुरुआती जांच में जो कड़ियां सामने आई हैं वे बेहद चौंकाने वाली हैं. बताया जा रहा है कि छात्रा अपने घर से बकायदा खाना बनाकर और उसे टिफिन में पैक करके इस बॉयज हॉस्टल में आई थी. कत्ल या हादसे की इस थ्योरी के बीच यह बात भी सामने आई है कि मौत से पहले वह करीब 2 घंटे तक उसी बॉयज हॉस्टल के भीतर मौजूद थी. वह हॉस्टल में किससे मिलने आई थी और उन दो घंटों के दौरान कमरे के भीतर क्या हुआ पुलिस अब इसकी बारीकी से जांच कर रही है. क्राइम सीन का मुआयना करने पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम को छात्रा के शव के पास से कुछ दवाइयां भी बरामद हुई हैं. इन दवाइयों का इस संदिग्ध मौत और निजी अंगों से बहते खून से क्या कनेक्शन है इसकी जांच के लिए दवाइयों को लैब भेजा गया है. प्रथम दृष्टया मामला गंभीर अपराध या किसी बड़ी साजिश की तरफ इशारा कर रहा है. पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ताकि मौत का असली कारण साफ हो सके. एसीपी सारनाथ विदूष सक्सेना ने बताया कि 'डॉक्टरों ने शुरुआती जांच में छात्रा के शरीर पर किसी तरह की बाहरी चोट के निशान नहीं पाए हैं. हालांकि मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम कराया गया है. पोस्टमार्टम पैनल की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी. परिजनों ने जिस युवक पर शक जताया है और जिसके साथ छात्रा की बातचीत होने की बात सामने आई है उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

# मेरे मन का आधा साहस आधा डर थे बाबूजी : आलोक श्रीवास्तव

## पद्मश्री बाबा योगेंद्र जी और लोकतंत्र सेनानी कलासाधक डॉ धन्नूलाल गौतम को समर्पित रही भजनांजलि काव्यांजलि

( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी ।** संस्कार भारती परिवार झाँसी द्वारा आयोजित पद्मश्री बाबा योगेंद्र जी और डॉ धन्नूलाल जी गौतम की पुण्यस्मृति को समर्पित श्रद्धांजलि भजनांजलि काव्यांजलि 'पुण्यस्मरण' का नगर धर्माचार्य आचार्य हरिओम पाठक, आचार्य मनोज थापक, संस्कार भारती प्रदेश महामंत्री नरेश चंद्र अग्रवाल, राज्य ललित कला अकादमी उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र मिश्रा, शिक्षक विधायक डॉ बाबूलाल तिवारी, पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ रवींद्र शुक्ल, राज्य मंत्री हरगोविन्द कुशवाहा, डॉ नीति शास्त्री, श्रीमती शिवा सिंह, सर्वधर्म सद्भावना समिति संरक्षक धर्मगुरु विशप विल्फ्रेड मॉरिस आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया ।



जूनियर अनूप जलोटा के नाम से सुविख्यात गायक पण्डित पवन तिवारी ने सुमधुर कंठ से भगवान गजानन का आव्हान किया और भक्तिरस से उपस्थित जनों को सराबोर किया । छतरपुर से पधारे सुविख्यात लोकगायक और बागेश्वर धाम के कृपापात्र अमित ध्रुवे ने लोक गायन की अनूठी गंगा बहाई । कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं के लोक कलाकारों का सम्मान हुआ । सितार वादन में पंडित परशुराम पाठक, पखावज गौरीशंकर सरवैया, मेघराज गायन, अंशुल कुमार सारंगी, शगुफ्ता खान कथक, किशन सोनी, कामिनी बघेल चित्रकला, समीर भालेराव शास्त्रीय गायन, घनश्याम बिदुआ तबला, अंशुल सक्सेना सुगम संगीत, अमर लखेरा कथक, निशांत भदौरिया राई, गौरव प्रतीक अभिनय, महेंद्र वर्मा नाट्य, अतर सिंह नगड़िया, डॉ प्रमोद गुप्ता लोक गायन, आरिफ शहडोली रंगकर्मी, यशवंत जोशी मूर्तिकला, डॉ ब्रजलता मिश्रा, यतीश आकिंचन साहित्य, राजू रामायणी, रामायण पाठ, सीताराम कुशवाहा लोकगायन, इंजी. रविकांत दुबे भजन गायन, अंकुर चतुर्वेदी शास्त्रीय गायन, आशीष त्रिपाठी चित्रकला आदि सम्मानित हुए । काव्यांजलि में बुन्देलखण्ड के सुविख्यात ओज कवि पण्डित सुमित मिश्रा ने अपनी जोशीली रचनाओं से सभी को आह्लादित किया । देश के सुपरिचित कवि लेखक पत्रकार और देश भर में 'आलोकनामा' की भव्य और दिव्य प्रस्तुति से ख्याति पाए आलोक श्रीवास्तव ने मंच संभालते ही अपनी अनूठी शैली में प्रस्तुति कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया । कभी बड़ा सा हाथखर्च, कभी हथेली की सूजन, मेरे मन का आधा साहस आधा डर थे बाबूजी... कहकर पिता की महत्ता को निरूपित कर उपस्थित जन की आँखों को नम कर दिया । संचालन संस्कार भारती प्रांतीय प्रभारी संजय राष्ट्रवादी, सुमित मिश्रा और डॉ जितेंद्र तिवारी संयुक्त रूप से किया । आभार कार्यक्रम आयोजक जिला पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार गौतम ने व्यक्त किया ! भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह, श्याम सुंदर सिंह, अरिंदम सिंह, ब्लॉक प्रमुख राजकांतेश वर्मा, जिला सह मीडिया प्रभारी मोहित पोरवाल, अमर सिद्ध, वरिष्ठ पत्रकार मोहन नेपाली, सुदरशन शिवहरे, महेंद्र श्रीवास्तव, डॉ शील कोपरा, मनमोहन गेड़ा, संतोष साहू, चौधरी फिरोज, पंकज शुक्ला, उमाशंकर राय, संतराम पेंटर, डॉ बी बी आर्य, उज्जवल शरण सिंह, डॉ रजनी गौतम, नीतू गौतम, वीरेंद्र यादव, कपिल बिरसनिया, कमलकांत गुप्ता, सौरभ मिश्रा, दुष्यंत चतुर्वेदी, संजय पटवारी, दिलीप अग्रवालआदि उपस्थित रहे ।

# संगठन को विस्तार देने और अपनो की कुशलक्षेम लेने समथर पहुंचे राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी



( यंग भारत न्यूज )

**समथर।** आल इण्डिया पत्रकार एकता संघ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश उदैनियां संगठन को विस्तार देने और अपनो की कुशलक्षेम जानने समथर नगर पंचायत पहुंचे जहां उन्होने मण्डल उपाध्यक्ष झांसी प्रभाकांत मिश्र, जिलाध्यक्ष ग्रामीण जयपाल सिंह गुर्जर, धर्मेन्द्र उदैनियां आदि से भेटकर कुशल क्षेम पूंछी साथ ही संगठन की गतिविधियो पर चर्चा वार्त की! जिलाध्यक्ष झांसी ग्रामीण जय पाल गुर्जर के आवास पर पहुंचते ही राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी का स्वागत माल्यार्पण कर बुका भेट कर किया गया! कस्बे के रमणीय और धार्मिक स्थल पर राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी को ले जाया गया जहां मातारानी के दर्शन कर आशीष लिया गया यही पर मण्डल उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष ने अंग वस्त्र भेट किया!इसके पूर्व राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अपने सहयोगी साथियो के साथियो के साथ थाना समथर थानाध्यक्ष से मिलने पहुंचे थानाध्यक्ष के अवकाश पर होने के कारण कस्बा इंचार्ज गम्भीर सिंह सेंगर से भेटकर संगठन के वारे मे विस्तृत चर्चा की वही पी एन बी बैंक के शाखा प्रबंधक देवेन्द्र गौतम से मुलाकात कर संगठन से परिचय कराया! शाखा प्रबंधक ने बुका भेटकर राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी का वेलकम किया! इस अवसर पर हरे कृष्ण शिल्पकार पूर्व चेयरमेन. प्रतिनिधि . राजेन्द्र श्रीवास्तव . अध्यापक . .तहसील अध्यक्ष जहूर अहमद खाँ नगर अध्यक्ष आरिफ अली नितिन बसेड़िया राज गुर्जर ( बोबी ) आदि उपस्थित रहे .

# समर ऐकेडमिक इंटर्नशिप प्रोग्राम के अंतर्गत इंटर्न्स को मिला व्यावहारिक विधिक प्रशिक्षण

( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झाँसी, श्रीमती कमलेश कच्छल के संरक्षण एवं प्रेरणा तथा माननीय सिविल जज (सीनियर डिवीजन)/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झाँसी, श्रीमती ईशा त्रिपाठी के निर्देशन में संचालित समर ऐकेडमिक इंटर्नशिप प्रोग्राम के अंतर्गत आज एल.एल.बी. एवं एल.एल.एम. के छात्र-छात्राओं (इंटर्न्स) हेतु एक महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के अंतर्गत इंटर्न्स को उनकी विधिक विशेषज्ञता के अनुसार चार अलग-अलग बैचों में विभाजित कर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रथम बैच को बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड का भ्रमण कराया गया, जहां छात्र-छात्राओं ने संकटग्रस्त, अनाथ एवं विधिक विवादों में आए बच्चों के संरक्षण, उनके अधिकारों तथा किशोर न्याय अधिनियम की व्यावहारिक कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। द्वितीय बैच के इंटर्न्स को विभिन्न न्यायालयों के कोर्ट रूम का भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने न्यायिक कार्यवाही, साक्ष्य संकलन एवं अधिवक्ताओं की जिरह को प्रत्यक्ष रूप से देखा और न्यायिक प्रक्रिया को समझा। तृतीय बैच को मध्यस्थता केंद्र में वरिष्ठ मध्यस्थ अधिकारियों के साथ प्रशिक्षण दिया गया, जहां उन्होंने वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली एवं आपसी समझौते की प्रक्रिया को जाना। चतुर्थ बैच के इंटर्न्स को चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल कार्यालय में प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जहां उन्हें न्यायालयीन प्रक्रियाओं एवं नवीन आपराधिक कानूनों की तकनीकी जानकारी से अवगत कराया गया। सभी बैचों के प्रशिक्षण उपरांत माननीय सचिव श्रीमती ईशा त्रिपाठी जी द्वारा ए.डी.आर. भवन में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए उनके अनुभवों एवं प्रशिक्षण से प्राप्त सीख की जानकारी ली। सचिव ने इंटर्न्स को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय है कि विधि के छात्र-छात्राएं केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहकर समाज की वास्तविक परिस्थितियों को समझें। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर कार्य करते समय एक विधि छात्र की सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारियां और अधिक बढ़ जाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में विवाद, अन्याय अथवा अराजकता की स्थिति में विधिक पेशे से जुड़े लोग वकील, न्यायाधीश, सरकारी अधिवक्ता अथवा विधिक सलाहकार समाज को न्याय एवं सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कानून का शासन स्थापित करना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ लिपिक आदिल जाफरी की सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका रही।

# लखनऊ का कायाकल्प: एलडीएम तोड़ेगा कैलाशकुंज और विकासदीप कॉम्प्लेक्स, 110 करोड़ से बनेंगे 13 मंजिला मॉल और प्रीमियम फ्लैट्स



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हुसैनगंज का विकासदीप, इंदिरा नगर का कैलाशकुंज, अलीगंज और कपूरथला के पुराने व्यावसायिक परिसरों को तोड़कर उनकी री-स्ट्रक्चरिंग और री-मॉडलिंग की जाएगी. इस महायोजना की शुरुआत सबसे पहले इंदिरा नगर के कैलाश कुंज कॉम्प्लेक्स से होगी और धीरे-धीरे यह सिलसिला आगे बढ़ेगा.

लखनऊ विकास प्राधिकरण अब शहर के इन सभी बेहद पुराने और जर्जर हो चुके शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को नए सिरे से बहुमंजिला बनाने जा रहा है. इसकी शुरुआत अयोध्या रोड पर स्थित करीब 40 साल पुराने प्रसिद्ध कैलाशकुंज कॉम्प्लेक्स को ढहाने के साथ की जाएगी कैलाशकुंज की जगह बनेगी 13 मंजिला आधुनिक इमारत: यहां की वर्तमान जर्जर हो चुकी 13 मंजिला पुरानी बिल्डिंग को पूरी तरह से तोड़कर उसकी जगह एक नई और बेहद आधुनिक गगनचुंबी बिल्डिंग बनाई जाएगी. एलडीए की नई योजना के मुताबिक इसमें नीचे के फ्लोर पर दुकानें और कॉर्पोरेट ऑफिस रहेंगे, जबकि ऊपर की मंजिलों पर प्रीमियम आवासीय फ्लैट्स बनाए जाएंगे. एलडीए का दृढ़ मानना है कि यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट आगे चलकर लखनऊ में शहरी री-डेवलपमेंट (पुनर्विकास) का पहला बेहतरीन उदाहरण बनेगा. वर्तमान में कैलाशकुंज कॉम्प्लेक्स प्राइम लोकेशन पर कुल 6046 वर्गमीटर की विशाल सरकारी जमीन पर बना हुआ है. जर्जर दुकानों और अवैध कब्जों पर एलडीएम का एक्शन: इस पुराने परिसर में करीब 280 दुकानें मौजूद हैं, लेकिन 40 साल पुरानी होने के कारण इसकी मुख्य बिल्डिंग कई जगहों से तकनीकी रूप से बेहद कमजोर हो चुकी है. हाल ही में जब एलडीए की टीम ने इसका विस्तृत सर्वे कराया, तो पता चला कि बहुत सी दुकानें यहाँ सालों से बंद पड़ी हैं. इसके साथ ही परिसर के कॉमन एरिया और पार्किंग स्पेस में भी स्थानीय लोगों ने अवैध रूप से पक्का कब्जा कर रखा है. एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि यह जगह अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग के पास बेहद शानदार और महंगी लोकेशन पर स्थित है. पीपीपी मॉडल रद्द, अब एलडीएम खुद खर्च करेगा 110 करोड़: परंतु समय पर रखरखाव न होने और बिल्डिंग के अत्यधिक पुरानी पड़ जाने से इस बेशकीमती जमीन का सही इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है. इसलिए जनसुरक्षा और सुंदरीकरण के मद्देनजर इसे पूरी तरह तोड़कर नई बहुमंजिला बिल्डिंग बनाने का कड़ा फैसला लिया गया है. एलडीए अब खुद अपने स्तर पर इस बड़े प्रोजेक्ट का निर्माण कराएगा और इसके लिए बजट जारी कर दिया गया है. पहले इसे पीपीपी मोड यानी प्राइवेट कंपनी के साथ मिलकर बनाने का प्लान था, लेकिन अब प्राधिकरण अपने स्वयं के खर्चे पर काम करेगा. पुराने दुकानदारों को मिलेगा सवा गुना बड़ा स्पेस: प्रस्ताव के अनुसार, नई बनने वाली आधुनिक बिल्डिंग करीब 45 मीटर ऊंची होगी और इसमें कुल 13 मंजिलें तैयार की जाएंगी. इस पूरे प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने में एलडीए द्वारा करीब 110 करोड़ रुपये की भारी रकम खर्च की जाएगी. इसके नीचे की तीन मंजिलों यानी भूतल (ग्राउंड फ्लोर), पहले और दूसरे तल पर व्यावसायिक दुकानें और ऑफिस स्पेस दिया जाएगा. इसके ऊपर की बची हुई सभी मंजिलों पर आधुनिक सुविधाओं से लैस 3 क्लाय वाले प्रीमियम फ्लैट बनाए जाएंगे. कैलाशकुंज के बाद अलीगंज और गोमती नगर की बारी: इस री-डेवलपमेंट योजना से कैलाशकुंज के पुराने और पंजीकृत दुकानदारों को सीधा और बड़ा आर्थिक फायदा मिलने वाला है. एलडीए के अधिकारी वर्तमान में उन सभी दुकानदारों से सीधे बात करके इस संबंध में विधिक सहमति ले रहे हैं. आपसी बातचीत में तय हुआ है कि पुरानी बिल्डिंग में जिनकी जितनी बड़ी दुकान है, उन्हें नई बिल्डिंग में उससे सवा गुना बड़ा एरिया दिया जाएगा. उदाहरण के लिए, अगर किसी आवंटी की पुरानी दुकान 100 वर्गफुट की है, तो नई आलीशान बिल्डिंग में उसे 125 वर्गफुट की बड़ी दुकान मिलेगी. उजाला कॉम्प्लेक्स का भी बदलेगा नक्शा, तैयारी तेज: इससे पुराने वैध आवंटियों को भी पहले से बड़ा और बेहतर माहौल में अपना कारोबार करने का एक सुनहरा मौका मिलेगा. एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करके इस प्रस्ताव को जल्द अंतिम रूप देने के कड़े निर्देश दिए हैं. उनका स्पष्ट कहना है कि कैलाशकुंज को पूरे लखनऊ के लिए री-डेवलपमेंट का एक रोल मॉडल बनाया जाएगा. उन्होंने आगामी योजनाओं का खुलासा करते हुए बताया कि इसके तुरंत बाद अलीगंज और गोमती नगर की व्यावसायिक संपत्तियों की बारी है. अलीगंज में बनेगी 14 मंजिला भव्य विंग: एलडीए अपनी इस महत्वाकांक्षी पुनर्विकास योजना के तहत सिर्फ कैलाशकुंज कॉम्प्लेक्स तक ही सीमित नहीं रहने वाला है. अलीगंज के सेक्टर-जी में स्थित पुराने व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स के लिए भी इसी तर्ज पर री-डेवलपमेंट का नया प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है. अलीगंज का यह पुराना कमर्शियल कॉम्प्लेक्स करीब 11,000 वर्गमीटर में फैला है और इसमें वर्तमान में करीब 100 दुकानें संचालित हैं. यहाँ पर एलडीए द्वारा 14 मंजिला नई और भव्य कमर्शियल-कम-रेसिडेंशियल बिल्डिंग बनाने का मास्टर प्लान तैयार किया गया है. 250 नई दुकानें और 72 प्रीमियम फ्लैट्स का तोहफा: इस प्रस्तावित अलीगंज प्रोजेक्ट के तहत नई बिल्डिंग में 250 आधुनिक दुकानें और 72 आलीशान आवासीय फ्लैट बनाए जाएंगे. यहाँ बनने वाले सभी फ्लैट भी उच्च आय वर्ग के लिए 3 क्लाय कैटेगरी के ही निर्धारित किए गए हैं. इसके अलावा, पॉश इलाके गोमती नगर में स्थित पुराने 'उजाला कॉम्प्लेक्स' को भी दोबारा से आधुनिक स्वरूप में बनाने की योजना पर काम चल रहा है. इस व्यापक कदम से लखनऊ के पुराने बाजारों का कायाकल्प होगा और शहर को जाम व जर्जर भवनों से मुक्ति मिलेगी.

# हज से लौटे हाजियों का गर्म जोशी से स्वागत हुआ

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी ।** हज की मुकद्दस यात्रा सफलता पूर्वक पूरी कर वतन और अपने घर लौटे झांसी अलीगोल खिड़की बाहर निवासी मोहम्मद साकिर मकरानी का भव्य शानदार स्वागत ,महारानी लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में परिजनों एवं झांसी वासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत इस्तकबाल किया एवं फूल मालाओं के साथ मुबारकबाद देने वालों का तांता लग गया। हाजी जी की वतन वापसी व सकुशल लौटने पर कुछ लोगों की आंखें भर आयीं उनकी झलक पाते ही दिल को सुकून मिला, इस दौरान परिजन रिश्तेदार सभी लोग हज यात्रा के अनुभवों को जानने और उनकी दुआएं लेने के साथ मक्का और मदीना की यादों और उनके अनुभवों को सुनकर पूरा परिवार और समाज बरकत और सुकून महसूस कर रहा था, उन्होंने मक्का मदीना में देश की खुशहाली अमन चैन और झांसी के विकास के लिए विशेष दुआएं भी की ।



# शोक जताया

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** मातवाना निवासी सज्जन सिंह घोष, गजेंद्र घोष गज्जू के पिताजी पूर्व प्रधानाध्यापक महेंद्र सिंह घोष के निधन पर एक शोक सभा मे गहरा शोक व्यक्त किया गया।

शोक सभा मे लक्ष्मीनारायण घोष,अजीत सिंह,संजीत सिंह,प्रेमनारायण घोष,देवेंद्र घोष,सुरजीत सिंह,सुरेन्द्र सिंह,संजय सिंह,भिप्पी राजा ,मुन्नी घोष बछेह,सुरेन्द्र कुमार मिश्रा,जगमोहन समेले आदि उपस्थित रहे।

# त्रेता युग की सूर्पनखा ही द्वापर मे कुब्जा वनी-टिंकू महाराज कोटरा

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** ग्राम विलाटी करके मे संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन बुंदेलखंड के सुप्रसिद्ध भागवत आचार्य शास्त्री पंडित कृष्ण बिहारी तिवारी टिंकू महाराज भरसूडा वाले कोटरा के द्वारा किया जा रहा है



शास्त्री जी ने कथा के छठवें दिन गिरिराज गोवर्धन का पूजन राधा कृष्ण विवाह महारास् मथुरा गमन रजक और कुब्जा के पूर्व जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन किया। शास्त्री जी ने कहा कि सूर्पनखा नाक कांड काटने के बाद काजल गिरी नामक पर्वत पर जाकर भगवान का रावण के साथ युद्ध देखा अंत में पुष्कर क्षेत्र जाकर ब्रह्मा जी का तप करके भगवान को वरदान स्वरूप पति के रूप में मांगा था दरभंगा जी ने कहा कि द्वापर युग में भगवान कृष्ण अवतार धारण करेंगे तब तुम कुब्जा बनकर जाओगी। अंत में शास्त्री जी ने कंस वध जरासंध का आक्रमण बलराम जी और कृष्ण रुक्मणी के विवाह की सुंदर कथा का वर्णन किया कथा सुनकर सभी श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा के परीक्षित मीरा देवी तुलसीराम साहू ने महापुराण की आरती पूजन किया ।शास्त्री जी के साथ संगीत में फौजी सम्राट की बोर्ड डिकोली, हर नारायण झबरा ढोलक ,सुनील गौतम पैड पर साथ दिया । कथा में राम बिहारी तिवारी अमित महाराज कोटरा वालों ने श्रीमद् भागवत महापुराण का पूजन का पाठ करवाया । इस मौके पर समस्त ग्राम वासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718